
RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 माधवन के साथ फिर कंगना...

वर्ष : 25 | अंक : 326 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 22 नवंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

### उत्तरकाशी सुरंग हादसा : सुरंग में 40 मीटर तक ड्रिलिंग पूरी

# 15 घंटे बाद खुशी की खबर!

देहरादून (एजेंसी)। उत्तरकाशी में सुरंग का मलबा ढहने से फंसे 41 मजदूरों की



जिंदगी बचाने को लेकर जद्दो-जहद जारी है। आज 11वें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। देश के कोने-कोने से मशीनों को एयरलिफ्ट किया गया है और उत्तरकाशी में दिन रात ड्रिलिंग का काम जारी है। उम्मीद की जा रही है बुधवार देर रात या फिर गुरूवार की सुबह टनल में फंसे 41 मजदूर बाहर आ सकते हैं।

अपर सचिव तकनीकी, सड़क एवं परिवहन महमूद अहमद ने कहा कि अगर कोई बड़ी घटना नहीं होती तो जल्द ही अच्छी खबर आ सकती है। उन्होंने कहा कि अगर कोई रुकावट नहीं आई तो आज रात या कल सुबह कोई बड़ी खबर मिल सकती है। मलबे के साथ एक लोहे की रॉड भी आई है। खुशी की बात है कि ये लोहा पाइपलाइन बिछाने के बीच में हमारे लिए कोई समस्या पैदा नहीं



हुई। सिलक्यारा में राहत एवं बचाव कार्यों के निरीक्षण को पहुंचे भास्कर खुल्बे ने उम्मीद से भरे संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगले 15 घंटे अहम होंगे। इस कमेंट के निहितार्थ यह निकाले जा रहे हैं कि इस अवधि में श्रमिकों तक एस्केप टनल पहुंचाकर उन्हें सकुशल निकाल लिया जाएगा। फिलहाल ऑगर से 40 मीटर की ड्रिलिंग पूरी होने की बात कही जा रही है।

### बचाव में जुटी कई टीमें

**बचाव अभियान में भारतीय सेना, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, बीआरओ, एनएचआईडीसीएल, उत्तराखंड पुलिस, एसजेवीएनएल, आरवीएनएल, लार्सन एंड टूब्रो, टीएचडीसी, आपदा प्रबंधन विभाग, जिला प्रशासन, ओएनजीसी, आईटीबीपी, राज्य लोनिवि, डीआरडीओ, परिवहन मंत्रालय, होमगार्ड्स जुटे हैं। बचाव अभियान में छह प्लान पर काम किया जा रहा है। सुरंग के मुहाने से ऑगर मशीन से ड्रिलिंग, बड़कोट छोर से ड्रिलिंग, सुरंग के ऊपर और दाएं व बाएं तरफ से ड्रिलिंग, सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग की योजना तैयार की गई।**

## नेताजी की जयंती पर सैफई में स्मारक का शिलान्यास

### सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने परिजनों के साथ किया शांतियज्ञ पाठ



**सैफई (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व रक्षा मंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव के 85वें जन्मदिवस पर आज पूरे देश व प्रदेश में अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। नेताजी के 85वें जन्मदिवस पर मुख्य आयोजन इटावा के सैफई में हो रहा है। इसमें देश भर के हजारों सपा नेता पहुंचे हैं। सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव के जन्मदिन पर आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव परिजनों के साथ समाधि स्थल पहुंचे। यहां उन्होंने शांति यज्ञ पाठ किया।

इस दौरान उन्होंने स्मारक की नींव भी रखी। हवन में सपा के वरिष्ठ नेता प्रो. रामगोपाल यादव, शिवपाल सिंह यादव, पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव व अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे।



सैफई में मुलायम सिंह यादव के समाधि स्थल के पास 8.3 एकड़ भूमि पर स्मारक बनाया जाएगा। स्मारक की रूपरेखा में लोककला की झलक और गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### हाइराइज सोसायटी की पार्किंग में शराबियों का हुड़दंग

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्ट्रीट पंचशील हाईनेस सोसायटी की पार्किंग में कार में शराब पी रहे लोगों को रोकना और वीडियो बनाना एक

**पति को बुरी तरह पीटा पत्नी से की बदसलूकी**

व्यक्ति को खास भारी पड़ा। शराब के नशे में धुत्त लोगों ने उक्त व्यक्ति की जमकर पिटाई की। मारपीट होती देखकर पति को बचाने आई महिला के साथ भी शराबियों ने अभद्र व्यवहार किया। पंचशील हाईनेस सोसाइटी निवासी भाग्यश्री शुक्ल ने बताया कि 19 नवंबर की रात्रि को (शेष पृष्ठ-3 पर)

### दनकौर के प्रसिद्ध द्रोणाचार्य मंदिर में चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कलयुग के इस दौर में इंसान इतना स्वार्थी हो गया है कि वह इंसान के साथ-साथ भगवान को भी नहीं बख्श रहा है। भगवान के घर मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देकर चोरों ने यह साबित कर दिया है कि कलयुग अपने चरम पर है। दनकौर स्थित द्रोणाचार्य मंदिर से चोरों ने दो मुख्य दान पात्रों को चोरी कर लिया है।

दनकौर निवासी मुकुल बंसल ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 20 नवंबर की रात्रि को पुजारी मंदिर में सोए हुए थे। रात्रि करीब 2 बजे आहट होने पर पुजारी उठे तो उन्हें मंदिर का दरवाजा खुला हुआ मिला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### फंदा लगाकर युवती ने दी जान

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बादलपुर क्षेत्र के महावड गांव के पास बसी कॉलोनी में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं परिजन भी आत्महत्या की कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं।

ग्राम महावड गांव के पास बसी कॉलोनी में प्रशादी यादव अपने परिवार के साथ रह रहे हैं। उनकी बेटी (18 वर्षीय) पूजा ने अपने घर में फांसी लगा ली। पूजा को फांसी के फंदे पर लटका देखकर परिजनों के होश उड़ गए उन्होंने आनन-फानन में उसे फंदे से नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना बादलपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### चोरी की बाइक के साथ पकड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। बरामद बाइक गाजियाबाद से चोरी की गई थी। थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मामूरा गांव के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### मजदूर की मौत पर दो ठेकेदारों पर एफआईआर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बीते दिनों काम करने के दौरान करंट लगने से हुई मजदूर की मौत के मामले में दो ठेकेदारों के खिलाफ थाना बिसरख में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद में रहने वाले गुलफाम अली ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि उसका भाई जीशान बोरिंग करने वाले ठेकेदार खुशी मोहम्मद व खुशमुद्दीन के यहां काम करता था। बीते 8 नवंबर को जीशान एक व्यक्ति के यहां बोरिंग का काम कर रहा था। बोरिंग के दौरान मौके पर सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे और विद्युत तार भी नंगे पड़े हुए थे। बिजली के नंगे तारों से जीशान को करंट लगा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## शासनादेश को प्राधिकरण ने 33 दिनों के बाद किया तामील!

**नोएडा (चेतना मंच)।** अंततः नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को हाउसिंग विभाग तथा कार्मिक

नोएडा
एक उत्कृष्ट क्षेत्र

विभाग के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी को रिलीव करना ही पड़ा। लेकिन ताज्जुब तो इस बात का है कि तुरंत प्रभाव से लागू करने की चेतावनी के बाद भी शासनादेश की तामील 33 दिनों बाद की गई।

अविनाश त्रिपाठी का हाउसिंग विभाग धारा-10 के नोटिस को लेकर खासा चर्चा में रहा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### रविंद्र कुमार बने वि/यां विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक

**नोएडा (चेतना मंच)।** रविंद्र कुमार को नोएडा प्राधिकरण के विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग में वरिष्ठ प्रबंधक बनाया गया है। वे यूपीसीडा में इसी पद पर कार्यरत थे। औद्योगिक विकास विभाग के अनुसचिव अवनीश कुमार सिंह ने इस आशय के आदेश दो दिन पूर्व जारी किए। बता दें कि प्राधिकरण के विद्युत यांत्रिकी विभाग में वरिष्ठ अफसर की काफी कमी महसूस की जा रही थी। वही एक वरिष्ठ प्रबंधक का तबादला होने के बाद कामकाज प्रभावित हो रहा था। इस नई तैनाती होने से कार्य में तेजी आने की उम्मीद बंधी है।

## समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं : राजकुमार भाटी

### मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती पर गरीबों में बांटे कंबल





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं भारत के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मजदूर, गरीब और जरूरतमंदों को कम्बल वितरण किये। इससे पूर्व पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। सपा कार्यकर्ताओं ने अस्पतालों में और गरीबों में फल भी वितरित किए।

सपा के संस्थापक मुलायम सिंह की जयंती पर एक गोष्ठी भी हुई जिसमें राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने कहा कि नेता जी ने सदैव राष्ट्रवाद, लोकतंत्र, समाजवाद और (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पूर्व मंत्री के आवास पहुंचकर 'आशीर्वाद' दे गये कैलाशानंद महाराज

### फायरब्रांड भाजपा नेता संगीत सिंह सोम भी पहुंचे नवाब सिंह नागर के आवास

**नोएडा (चेतना मंच)।** देवभूमि हरिद्वार के निरंजनी अखाड़े के मुख्य पीठाधीवेश्वर तथा महामंडलेश्वर आचार्य श्री कैलाशानंद महाराज प्रदेश के पूर्व मंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नवाब सिंह नागर के सेक्टर-33 स्थित आवास पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने श्री नागर को विशेष आशीर्वाद दिया। तकरीबन एक घंटे तक प्रवास के दौरान आचार्य कैलाशानंद महाराज ने श्री नागर के साथ सनातन धर्म तथा श्रीराम जन्मभूमि जैसे मुददों पर भी चर्चा की। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के फायर ब्रांड भाजपा नेता तथा सरधना के पूर्व विधायक संगीत सिंह सोम आचार्य कैलाशानंद महाराज को लेकर सेक्टर-33 पहुंचे थे।

इस अवसर पर कैलाशानंद महाराज ने सनातन धर्म की महत्ता का बखान करते हुए कहा कि प्रत्येक मनुष्य को सनातन धर्म की नीतियों को अपने जीवन में आत्मसात तथा उनका क्रियान्वयन करना



चाहिए। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है देश की युवा पीढ़ी तकनीकी ज्ञानवर्धन के साथ-साथ मानव मूल्यों को भी समुचित तरजीह दे तभी राष्ट्र विकास की ओर अग्रसर होगा तथा भारत विश्व गुरू बन सकेगा।

कैलाशानंद महाराज के अचानक पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर के आवास पर पहुंचने तथा उन्हें आशीर्वाद दिये जाने को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गयी है। हालांकि श्री नागर इसे महज आचार्य जी का उनके प्रति आगाधप्रेम ही बता रहे हैं। उनका कहना है कि वे कई बार आचार्य जी को अपने आवास पर पधारने का आग्रह कर चुके हैं। उन्होंने उनके आग्रह को स्वीकार लिया तथा हरिद्वार से चलकर उनके आवास पहुंचे। इससे पूर्व श्री नवाब सिंह नागर तथा परिजनों ने कैलाशानंद महाराज के पांव पखारकर उनका आशीर्वाद लिया।

## भाजपा कार्यकारिणी का गठन 30 तक : मनोज गुप्ता

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी नोएडा



महानगर की कार्यकारिणी 30 नवंबर तक घोषित हो जाएगी। वहीं नोएडा महानगर के बाकी चार मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा दो-तीन दिनों में कर दी जाएगी। यह जानकारी भाजपा के नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी है।

श्री गुप्ता ने बताया कि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया

**दो-तीन दिनों में होगी सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा**

द्वारा दो-तीन दिनों में पश्चिम क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। जिसमें नोएडा, गौतमबुद्धनगर समेत पश्चिमी क्षेत्र के कई जनपदों के मंडल शामिल हैं। महानगर कार्यकारिणी को लेकर श्री गुप्ता ने बताया कि कार्यकारिणी तकरीबन तैयार हो चुकी है। हाईकमान की संस्तुति मिलते ही इसे 30 नवंबर तक घोषित कर दिया जाएगा। बता दें कि भाजपा की महानगर कार्यकारिणी में इस बार चौंकाने वाले फेर-बादल होने के कयास लगाए जा रहे हैं। कमेटी में हर जाति-धर्म के लोगों को समानुपात तरीके से पदों की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वहीं महिलाओं को भी विशेष तरजीह दी जाएगी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी हाई कमान के निर्देश का अक्षरसः पालन किया जा रहा है।

## चुनाव में धन

चुनाव आयोग ने आधिकारिक तौर पर यह एलान किया है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम- इन पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इन चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये से अधिक की कैश रकम, शराब, मादक पदार्थ और अन्य कीमती सामान पकड़ा गया है। इस बात में किसी को कोई शक कतई नहीं होगा कि इस भारी-भरकम कैश, शराब, मादक पदार्थों और कीमती वस्तुओं का इस्तेमाल चुनाव में मतदाताओं को लुभाकर वोट हासिल करने के लिए ही किया जाना था। चुनाव आयोग द्वारा दिया गया बरामदगी का विस्तृत डेटा चौंकाने से ज्यादा चिंता पैदा करता है। चुनाव आयोग के मुताबिक, 2018 के राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में इस बार चुनावी राज्यों में बरामदगी में सात गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्ज हुई है और चुनाव के आखिर तक अभी इसमें और ज्यादा बढ़ोतरी होने की संभावना है। चुनाव में शराब बांटने का प्रचलन बहुत पुराना है और इस बार भी इसमें कोई कमी नहीं आई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 86.82 करोड़ रुपये की शराब तेलंगाना में जब्त की गई है। दूसरे नंबर पर मध्य प्रदेश है जहां से 69.85 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है। राजस्थान में अब तक 51.29 करोड़ रुपये की शराब जब्त की जा चुकी है और यहां यह आंकड़ा अभी और ज्यादा बढ़ना तय है। क्षेत्रफल के आधार पर पांचों राज्यों में सबसे छोटे राज्य मिजोरम में 4.67 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है और इस मामले में छत्तीसगढ़ सबसे नीचे है जहां से 2.16 करोड़ रुपये की कीमत की शराब जब्त की गई है। लेकिन सबसे ज्यादा चिंताजनक बात इन राज्यों से बरामद किए गए ड्रग्स जैसे मादक पदार्थों का आंकड़ा हैं। चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए ड्रग्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है, यह अपने आप में भारतीय लोकतंत्र, चुनाव लड़ रहे राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों पर कई तरह के गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, इस बार के विधानसभा चुनाव में अब तक सबसे ज्यादा 103.74 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ तेलंगाना में जब्त की गई है। दूसरे नंबर पर राजस्थान है जहां से 91.71 करोड़ रुपये की कीमत के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। मादक पदार्थों की जब्ती के मामले में तीसरे नंबर पर मिजोरम है जो क्षेत्रफल के आधार पर पांचों चुनावी राज्यों में सबसे छोटा राज्य है। मिजोरम में 29.82 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। मध्य प्रदेश में 15.53 करोड़ रुपये और छत्तीसगढ़ में 4.55 करोड़ रुपये की कीमत का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। पांचों चुनावी राज्यों में कुल मिलाकर 214.8 करोड़ रुपये की शराब जब्त की गई है जबकि इससे ज्यादा 245.3 करोड़ रुपये के मादक पदार्थों की जब्ती की गई है। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि, यह वह आंकड़ा है जो चुनाव आयोग के अधिकारियों और टीम ने जब्त किया है और यह माना जाता है कि इससे कई गुना ज्यादा निश्चित तौर पर बंटा होगा। यानी यह समस्या बहुत विकराल है। ऐसे में किसी न किसी को तो पहल कर इसपर रोक लगाने के लिए आगे बढ़ना ही होगा। तमाम राजनीतिक दलों को भी मिल-बैठकर यह तो सोचना ही चाहिए कि आखिर मतदाताओं को लुभाने की कोई तो सीमा होनी चाहिए क्योंकि चुनाव में वोटरों को लुभाने कर लिए शराब के साथ-साथ ड्रग्स तक का इस्तेमाल किया जा रहा हो, इससे ज्यादा शर्मनाक कुछ और हो नहीं सकता। अगर राजनीतिक दल स्वेच्छा से इस पर कदम आगे नहीं बढ़ाते हैं तो फिर चुनाव आयोग को खुद से आगे बढ़कर इस पर कदम उठाना चाहिए या फिर सुप्रीम कोर्ट को इसका स्वत: संज्ञान लेकर सबको नोटिस जारी कर, सुनवाई करने के बाद कठोर नियम या कानून बनाना चाहिए।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि छोटी अवस्था में मृत्यु नहीं होती, न किसी को कोई पीड़ा होती है। सभी के शरीर सुंदर और निरोग हैं। न कोई दरिद्र है, न दु:खी है और न दीन ही है। न कोई मूर्ख है और न शुभ लक्षणों से हीन ही है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**सब निर्दंभ धर्मरत पुनी। नर अरु नारि चतुर सब गुनी॥**
**सब गुनग्य पंडित सब ग्यानी। सब कृतग्य नहिं कपट सयानी॥**

सभी दम्भरहित हैं, धर्मपरायण हैं और पुण्यात्मा हैं। पुरुष और स्त्री सभी चतुर और गुणवान्? हैं। सभी गुणों का आदर करने वाले और पण्डित हैं तथा सभी ज्ञानी हैं। सभी कृतज्ञ (दूसरे के किए हुए उपकार को मानने वाले) हैं, कपट-चतुराई (धूर्तता) किसी में नहीं है॥

**दो0- राम राज नभगेस सुनु सचराचर जग माहिं।**
**काल कर्म सुभाव गुन कृत दुख काहुहि नाहिं॥**

(काकभुशुण्डिजी कहते हैं-) हे पक्षीराज गुरुड़जी! सुनिए। श्री राम के राज्य में जड़, चेतन सारे जगत में काल, कर्म स्वभाव और गुणों से उत्पन्न हुए दु:ख किसी को भी नहीं होते (अर्थात इनके बंधन में कोई नहीं है)॥

**भूमि सप्त सागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला॥**
**भुअन अनेक रोम प्रति जासू। यह प्रभुता कछु बहुत न तासू॥**

अयोध्या में श्री रघुनाथजी सात समुद्रों की मेखला (करधनी) वाली पृथ्वी के एक मात्र राजा हैं। जिनके एक-एक रोम में अनेकों ब्रह्मांड हैं, उनके लिए सात द्वीपों की यह प्रभुता कुछ अधिक नहीं है॥

**सो महिमा समुझत प्रभु केरी। यह बरनत हीनता घनेरी॥**
**सोउ महिमा खगेस जिन्ह जानी॥ फिरि एहिं चरित तिन्हहुँ रति मानी॥**

बल्कि प्रभु की उस महिमा को समझ लेने पर तो यह कहने में (कि वे सात समुद्रों से घिरी हुई सप्त द्वीपमयी पृथ्वी के एकच्छत्र सम्राट हैं) उनकी बड़ी हीनता होती है, परंतु हे गरुड़जी! जिन्होंने वह महिमा जान भी ली है, वे भी फिर इस लीला में बड़ा प्रेम मानते हैं॥

**सोउ जाने कर फल यह लीला। कहहिं महा मुनिबर दमसीला॥**
**राम राज कर सुख संपदा। बरनि न सकइ फनीस सारदा॥**

क्योंकि उस महिमा को भी जानने का फल यह लीला (इस लीला का अनुभव) ही है, इन्द्रियों का दमन करने वाले श्रेष्ठ महामुनि ऐसा कहते हैं। रामराज्य की सुख सम्पत्ति का वर्णन शेषजी और सरस्वतीजी भी नहीं कर सकते॥ (क्रमश:...)

# खत्म नहीं हुई है गहलोत और वसुंधरा की राजनीति

राजस्थान विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी इस बात के लिए पूरी मेहनत कर रही है कि राज्य में हर पांच साल में सरकार बदलने का रिवाज इस बार टूट जाये। वहीं भाजपा का प्रयास है कि हर पांच साल में सरकार बदलने के रिवाज का उसे लाभ हो लेकिन सीटों की संख्या इतनी ज्यादा मिले जिससे यह प्रकट हो सके कि अशोक गहलोत सरकार से जनता कितनी नाराज थी। राजस्थान में रिवाज बदलेगा या राज यह तो तीन दिसंबर को पता चलेगा। लेकिन एक बात तो है कि राजस्थान का चुनावी रण इस बार हाल के कई चुनावों से बदला-बदला नजर आ रहा है।

राजस्थान में अरसे बाद ऐसा हुआ है जब भाजपा और कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री कौन बनेगा, यह चुनाव से पहले तय नहीं है। लेकिन अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे यह मान कर बैठे हैं कि मुख्यमंत्री पद घूम फिरकर उनके पास आना ही है। कांग्रेस की ही बात करें तो अशोक गहलोत स्पष्ट कर चुके हैं कि वह तो मुख्यमंत्री पद छोड़ना चाहते हैं लेकिन यह पद उन्हें नहीं छोड़ता। यानि मतलब साफ है कि गहलोत मुख्यमंत्री पद की दौड़ में बने हुए हैं। वहीं सचिन पायलट कह रहे हैं कि उनके सारे मुद्दे कांग्रेस आलाकमान ने सुलझा दिये हैं। इससे यह प्रतीत होता है कि उन्हें यह आश्वासन मिल गया है कि यदि कांग्रेस की सरकार दोबारा बनती है तो मुख्यमंत्री पद उन्हें ही मिलेगा। टिकट वितरण के दौरान भी जिस तरह गहलोत समर्थकों की बजाय सचिन खेमे के लोगों को तरजीह दी गयी उससे भी भविष्य के संकेत मिल गये थे लेकिन गहलोत फिलहाल सबकुछ चुपचाप देख रहे हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उन्हें कब कौन-सा कदम उठाना है।

दूसरी ओर भाजपा की बात करें तो 2003 के बाद यह राजस्थान का पहला विधानसभा चुनाव है जिसमें भाजपा का नेतृत्व वसुंधरा राजे नहीं कर रही हैं। वसुंधरा राजे का नाम भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं आना, परिवर्तन यात्राओं का नेतृत्व उन्हें नहीं दिया जाना, वसुंधरा समर्थक नेताओं कैलाश मेघवाल और युनूस खान जैसे वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटना तथा वसुंधरा समर्थक कुछ विधायकों की सीटों में परिवर्तन कर भाजपा नेतृत्व ने संकेत दे दिया था कि मुख्यमंत्री की कुर्सी वसुंधरा राजे से दूर हो गयी है। यही नहीं, भाजपा की पहली सूची आने के बाद जिस तरह वसुंधरा राजे को खुद का टिकट हासिल करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी और एक जनसभा में अपनी रिटायरमेंट की बात तक कहनी पड़ी, वह दर्शाता है कि अपने राजनीतिक भविष्य का वसुंधरा राजे को अहसास हो चुका है लेकिन वह हार मानने के लिए कतई तैयार नहीं हैं।

देखा जाये तो राजस्थान की राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर माना जाता है तो दूसरी ओर वसुंधरा राजे के बारे में कहा जाता है कि भाजपा में आखिरकार वही होता है जो महारानी चाहती हैं। अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी



**देखा जाये तो राजस्थान की राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी अशोक गहलोत को राजनीति का जादूगर माना जाता है तो दूसरी ओर वसुंधरा राजे के बारे में कहा जाता है कि भाजपा में आखिरकार वही होता है जो महारानी चाहती हैं।**

भले हों लेकिन दोनों को अच्छा मित्र भी माना जाता है। चुनाव के दौरान दोनों भले एक दूसरे पर निशाना साधें और भ्रष्टाचार के तमाम आरोप लगायें लेकिन अपने मुख्यमंत्रित्वकाल के दौरान दोनों एक दूसरे के खिलाफ कोई जांच नहीं कराते। यही नहीं, जब वसुंधरा विपक्ष में हों तब वह सुनिश्चित करती हैं कि उनकी पार्टी की वजह से गहलोत की मुख्यमंत्री की कुर्सी पर कोई संकट नहीं आये। यही काम गहलोत विपक्ष में रहने के दौरान करते हैं। पिछले दिनों अशोक गहलोत ने खुद बताया था कि जब सचिन पायलट ने बगावत की थी तो वसुंधरा राजे ने भाजपा की ओर से उनकी सरकार गिराने की कोशिशों का विरोध किया था।

अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे की राजनीतिक शख्सियत की बात करें तो दोनों नेताओं के आगे उनकी पार्टी का आलाकमान अब तक नतमस्तक होता रहा है। अशोक गहलोत का प्रभाव तब देखने को मिला था जब उन्होंने सचिन पायलट का साथ दे रहे कांग्रेस आलाकमान के समक्ष अपनी ताकत का खुलकर इजहार किया था। कांग्रेस के तत्कालीन केंद्रीय पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खरगे और अजय माकन मुख्यमंत्री निवास पर पार्टी विधायक दल की बैठक होने का इंतजार करते रह गये और बैठक कहीं और हो गयी थी। यही नहीं अशोक गहलोत ने कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने की बजाय राजस्थान का मुख्यमंत्री बने रहने को तवज्जो देकर गांधी परिवार को सकते में डाल दिया था। वहीं राजस्थान भाजपा में भी 2003 से वही होता रहा है जो वसुंधरा राजे चाहती रही हैं। वसुंधरा राजे के खिलाफ पूर्व उपराष्ट्रपति भैरों सिंह शेखावत और पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह जैसे दिग्गजों ने भी अभियान चलाया था लेकिन उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाये थे। किरोड़ी लाल मीणा और घनश्याम तिवाड़ी जैसे नेता वसुंधरा विरोध में भाजपा छोड़ गये लेकिन फिर वापस पार्टी में लौटना ही पड़ा। देखा जाये तो चाहे नेता प्रतिपक्ष का पद हो, मुख्यमंत्री पद हो, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद हो... भाजपा को आखिरकार वसुंधरा राजे की ही बात माननी पड़ती थी लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

बहरहाल, चाहे गहलोत हों या वसुंधरा, दोनों ही नेताओं की राजनीति को अभी खत्म नहीं समझा जा सकता। दोनों ही राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी हैं। दोनों ही नेता चुनावों की वजह से अभी ज्यादा बोल नहीं रहे हैं और आक्रामक तेवर नहीं दिखा रहे हैं लेकिन दोनों ही नेता जानते हैं कि अपनी अपनी पार्टी को जीत मिलने की स्थिति में मुख्यमंत्री पद तक कैसे पहुँचना है। दोनों ही नेता इसके लिए जमीनी स्तर पर काम भी कर रहे हैं। हम आपको बता दें कि राजस्थान विधानसभा चुनावों में भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे की मुश्किल उतनी नहीं बढ़ा रहे हैं जितनी मुश्किल इन दोनों ही पार्टियों के बागी नेता, अधिकृत उम्मीदवारों की बढ़ा रहे हैं। माना जा रहा है कि भाजपा और कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ बागी उम्मीदवारों को खड़ा करने के पीछे कहीं ना कहीं अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे का ही हाथ है। दोनों नेताओं की रणनीति यह है कि उनकी पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल करने से कुछ पीछे रह जायें। यदि ऐसी स्थिति बनती है तो वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत को अपना राजनीतिक कौशल दिखाने का मौका एक बार फिर मिलेगा और अब सिर्फ यही वह रास्ता है जो उन्हें मुख्यमंत्री पद तक पहुँचा सकता है। देखना होगा कि वसुधंरा और गहलोत की यह आस पूरी होती है या फिर राजस्थान की जनता स्पष्ट बहुमत वाला जनादेश देती है। फिलहाल तो गहलोत और वसुंधरा का पूरा जोर अपनी अपनी सीट जीत कर विधानसभा पहुँचने पर लगा हुआ है।

**- नीरज कुमार दुबे**

## व्यंग्य: सरकार हमारी बनेगी

विधानसभा क्षेत्रों में इंतजार की अंगीठियां सेंकी जा रही हैं। कयासों की बारिश जारी है जो तब तक होगी जब तक सरकार बन न बैठे और वोटरों को बनाना शुरू न कर दे। वादे इरादे बांटे जा चुके हैं। आम आदमी का जिक्र तो हर चुनाव में बहुत होता है। सरकार किसकी होगी यह अंदाजा लगाने का काम मेहनत से किया जा रहा है, धुरंधर ब्यानबाजों ने रंग जमा रखा है। दिग्गज नेताओं के दावे पतंग की तरह लूटे जा रहे हैं।

कई दिमागों में सरकार पूरी तरह से साकार हो चुकी है। संभावित मंत्रालयों से किस किस की गोद भराई होगी यह तय हो चुका है। जिन बजे अफसरान का तबादला आशंकित व संभावित है, वे मानसिक रूप से तैयार होने लगे हैं। कौन कौन से अफसर पसंद आएंगे यह मसाला बनना शुरू हो गया है। राजनीतिजी की चारित्रिक विशेषता एंव घोर आवश्यकता कभी नहीं बदलती कि सरकारजी अपनी पार्टी व अपनों का विकास करे, आम वोटरों के किए स्वादिष्ट योजनाएं पकाए और सबको खाने का अवसर दे।

'जा रही सरकार' ने पारम्परिक सलीके से समझाया कि कितना ज्यादा विकास किया और 'आ रही सरकार' ने आशा जगाऊ, ख्वाब दिखाऊ शैली में संभावित अति विकास के सपने दिखाए। असली चुनावी दंगल अक्सर कम राजनीतिक पार्टियों में होता है। कुछ व्यक्ति अपने दम पर जीतते हैं, बाकी दर्जनों नहीं सैंकड़ों, पता होते हुए भी, अपनी जमानत जब्त करवाकर सरकारी खजाने की आय बढ़ाते हैं। सरकार तो बन ही जाएगी, हो सकता है स्वतंत्र विजेताओं का सोनाचांदी हो जाए या उन्हें मलाल रहे कि वे सरकार बनाने जा रहे, बहुमत प्राप्त दल में अच्छी आफर के बावजूद शामिल क्यूं नहीं हुए।




प्रसिद्ध, समझदार व्यक्तियों व संस्थाओं के आग्रह करने के बावजूद, नासमझ नागरिक वोट नहीं देते। क्या वे उदास वोटर हैं जिन्हें अभी तक दास वोटर नहीं बनाया जा सका। शायद उन्हें नहीं पता कि वोट की कीमत कितने सामान जितनी है। कई घिसेपिटे, पुराने, धोखा खाए, पैसा लुटाए और शरीर तुजवाए पूर्व राजनीतिज्ञ अब मानने लगे हैं कि जिन नक्षत्रों में आम वोटर पैदा हुए व जिन निम्न स्तरीय, नारकीय जीवन परिस्थितियों में जी रहे हैं, में से उन्हें भगवानजी के सामने की गई प्रार्थनाएं नहीं निकाल सकीं, हाथ पसार कर वोट मांगने वाला, दिल का मैला व्यक्ति कैसे निकाल सकता है। वे कहते हैं कि हम हर बार कहते हैं कि लोकतंत्र की जीत हुई, ऐसा नहीं है हम सब मिल कर लोकतंत्र को हराते हैं। हमारे देश के हर चुनाव में आशा, विश्वास, मानवता, धर्म की भी हार होती है। वे इस बारे स्वतंत्र भारत के सात दशक से ज्यादा इतिहास पर भी विश्वास करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी पता नहीं कितने कम प्रतिशत से विधायक बन जाएंगे। क्या यह झूठ है कि अधिकतर नेताओं द्वारा भाग्य तो अपना, अपना, अपना, अपने खासमखासों का या उनका ही बदला जा सकता है। क्या असली भाग्य विधाता ताकत और पैसा नहीं है। आने वाली सरकारजी का निर्माण करने वाले सब जानते हैं। **- संतोष उत्सुक**

## राशिफल

कार्तिक शुक्ल-दशमी (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** धन का आगमन बढ़ेगा। कुटुम्बों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** मानसिक चंचलता पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी रहेगी। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** चिंताकारी सृष्टि का सृजन होगा स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन सिर दर्द संभव है। मन परेशान रहेगा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** रुका हुआ धन वापस मिलेगा। आय के विभिन्न स्त्रोत बनेंगे। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। कुछ अधिकारियों को आशीर्वाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** भाग्य साथ देगा। यात्रा में लाभ होगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** चपेट लग सकता है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम है।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** जीवनसाथी का भरपुर सहयोग मिलेगा। चली आ रही परेशानी दूर होगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** शत्रु मित्र बनने की कोशिश करेंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम और प्रेम-संतान मध्यम है। व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** भावुक मन से कोई निर्णय नहीं लीजिएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम और प्रेम-संतान मध्यन है। व्यापार बहुत अच्छा है।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** भूमि और वाहन की खरीदारी संभव है, लेकिन गृह क्लेश भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा और व्यापार भी अच्छा है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान बहुत अच्छा और व्यापार भी बहुत अच्छा रहेगा।

# किरायेदार ने किया किशोरी का अपहरण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दनकौर क्षेत्र के एक गांव से घर में रहने वाला किराएदार किशोरी को भाग कर ले गया। वहीं बिसरख क्षेत्र से ही पड़ोस में रहने वाला युवक 12 वर्षीय किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले गया।

थाना दनकौर क्षेत्र में रागिनी (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके यहां पिछले 2 वर्ष से गौरव कुमार नामक युवक किराए पर रह रहा था। 18 नवंबर को गौरव उनकी (13 वर्षीय) बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। पीड़िता के मुताबिक ग्रामीणों ने दोनों को ट्रक से पलवल की तरफ जाते हुए देखा। महिला की शिकायत पर थाना दनकौर पुलिस ने गौरव कुमार के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

वहीं थाना बिसरख क्षेत्र के जगदंबा एंक्लेव में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने अपने 12 वर्षीय बेटी के अपहरण का मामला दर्ज कराया है। रमेश ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला आकाश पुत्र उदल सिंह उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया गया है।

थाना बादलपुर क्षेत्र के ग्राम कृष्णापुरम निवासी बनी सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 20 नवंबर को उनका (11 वर्षीय) बेटा दोपहर के 3 बजे स्कूल से घर आया था।

घर में स्कूल बैग रखने के पश्चात वह खेलने के लिए बाहर चला गया इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। देर शाम तक घर न लौटने पर उन्होंने अपने बेटे की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। कोई जानकारी न मिलने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।



पूर्व रक्षा मंत्री स्व. मुलायम सिंह यादव की जयंती के अवसर पर आज सपा नेता सुभाष भाटी हवन करते हुए।

## जिला प्रभारी का होगा भव्य स्वागत : मिश्रा

**भदोही ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी



के जिला अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने नागेंद्र रघुवंशी को भदोही का जिला प्रभारी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा कि नागेंद्र रघुवंशी का जनपद आगमन पर भव्य स्वागत किया जाएगा।

यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन राय ने दी है।



सेक्टर-16 स्थित विद्युत निगम के मुख्य अभियंता के दफ्तर पर धरना देते भाकियू ( लोक शक्ति ) के पदाधिकारी।

## जनता के साथ भाजपा ने किया धोखा : पंडित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राजस्थान में हो रहे विधानसभा चुनाव में कल नगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक पंडित ने चुनाव प्रचार कर कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। राजस्थान के नगर विधानसभा से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस नेता ने कल कई गांवों एवं कस्बों में जाकर लोगों से वोट देने की अपील की।



इस अवसर पर अशोक पंडित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश की जनता के साथ धोखा करने का काम किया है। उन्होंने दावा किया कि पांच राज्यों की विधानसभा के चुनाव में इस बार भाजपा का सुपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने केवल जाति एवं धर्म के नाम पर सत्ता हासिल करने का काम करती है।

## महिला के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम मेहंदीपुर में घर में अकेली महिला के साथ कुछ लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। घटना के समय महिला के परिजन एक विवाह समारोह में हिस्सा लेने के लिए गए बाहर गए हुए थे। वही एक अन्य घटना में ट्रैक्टर ट्रॉली खड़े करने के विवाद में कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चालक को मारपीट कर अधमरा कर दिया ग्राम मेहंदीपुर निवासी राहिशा ने पुलिस से की शिकायत में बताएं कि बीते 19 नवंबर को उसके परिजन एक विवाह समारोह में सम्मिलित होने के लिए रबूपुरा गए थे घर में वह अकेली थी। सुबह के समय वह अपने घेर में बंधे पशुओं को पानी पिला रही थी। इस दौरान पड़ोस में ही रहने वाले हसरत, अबरार, जफरु, दिलशाद, फरमान, अफजल, अकरम व नन्नो लाठी डंडों से लैस होकर जबरन उसके घेर में घुस आए। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करनी शुरू कर दी। इस बात का जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की । आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह उसे आरोपियों के चंगुल से बचाया इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

थाना रबूपुरा में ग्राम मेहंदीपुर बांगर निवासी नसीम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह ईसुब के साथ ट्रैक्टर ट्राली लेकर जा रहा था तिरथली चौराहे के पास वह अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी करने लगा इस दौरान रमेश रिंकू ग्राम मीरपुर तथा कुछ अन्य लोगों ने उसके साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी करने को लेकर गाली गलौज शुरू कर दी।

## धूमधाम से मनाया गया दीदी की रसोई ट्रस्ट का स्थापना दिवस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दीदी की रसोई ट्रस्ट का स्थापना दिवस सामुदायिक केंद्र सेक्टर- 20, नोएडा पर धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर ट्रस्ट के संचालन में सहयोग करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी आर.के. गोयल, अशोक श्रीवास्तव, सुरेश अग्रवाल, गंगेश्वर दत्त शर्मा, राहुल भाटिया, बी एल पारिख, भारत जी, विनोद कुमार शर्मा, वीरेंद्र गुप्ता, ब्रह्मपाल सिंह, रेनू वाला, गिरिजा देवी, राजकरण सिंह, ममता तिवारी आदि को ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा द्वारा शॉल उढ़ाकर फूलों का गुलदस्ता व शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा व कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि 'दीदी की रसोई' ट्रस्ट की स्थापना की दो साल हो गये हैं। लेकिन दीदी की रसोई वर्ष 2015 से लगातार जन सेवा का काम कर रही है। ट्रस्ट के माध्यम से रोज कहीं ना कहीं किसी इलाके में बच्चों, गरीब व जरूरतमंद लोगों को भोजन का वितरण किया जाता है।



ट्रस्ट की अलग-अलग कई शहरों में ब्रांच खोली गई है और हमारा प्रयास है कि हम ज्यादा से ज्यादा लोगों की सेवा कर पाए। उन्होंने ट्रस्ट को चलाने में सहयोग करने वाले सभी शुभचिंतकों को और निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाली पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है।

## जमीन में दबा दी 52 लाख रुपये की शराब

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में थाना सूरजपुर पुलिस ने एक बड़ा काम किया है। सूरजपुर थाना पुलिस ने 52 लाख रुपये की शराब को जमींदोज कराई है। यह शराब कोर्ट के आदेश पर नष्ट की गई है।

दरअसल, आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा पिछले कुछ सालों से अवैध रुप से पकड़ी गई शराब को एक गोदाम में बंद करके रखा था। 10,371 लीटर वजन वाली यह अवैध शराब विभिन्न राज्यों से लाकर नोएडा और ग्रेटर नोएडा में सप्लाई की जानी थी, लेकिन बिक्री से पहले ही इस शराब को सूरजपुर थाना पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया था। अवैध शराब का यह मामला कोर्ट में चल रहा है।

अब कोर्ट के आदेश पर आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित अवैध शराब कुल 10,371 लीटर को नष्ट किया गया।



नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार माल निरस्तीकरण के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को सहायक पुलिस आयुक्त तृतीय सेन्ट्रल नोएडा, आबकारी निरीक्षक व थाना प्रभारी सूरजपुर की मौजूदगी में कोर्ट के आदेशानुसार विगत वर्षों में दाखिल आबकारी अधिनियम से संबंधित 136 मामलों में बरामद की गई 10 हजार 371 लीटर अवैध शराब को नष्ट कराया गया। नष्ट की गई उक्त अवैध शराब की अनुमानित कीमत 52 लाख रुपये है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**नेताजी की जयंती पर....**

म्यूजियम में जमीन से जुड़े हुए भारत के गौरव, महान राजनीतिज्ञ नेताजी की सादगी और गुणवत्ता की भी झलक देखने को मिलेगी। स्मारक का स्वरूप वर्गाकार होगा। इसमें दर्शनीय लैंडस्केप होंगे। चारों तरफ एक लंबी दीर्घा का प्रबंध किया गया है। इससे अंत्येष्टि स्थल तक पहुंचा जा सकता है।

स्मारक 8.3 एकड़ जमीन पर बनाया जाएगा। प्रवेश द्वार से अंत्येष्टि तक पहुंचने के लिए लैंडस्केप की श्रृंखला, चौक और प्रांगण होंगे। दोनों तरफ रम्य स्तंभों की योजना है। इससे दर्शकों को एक सुखद शांतिमय वातावरण की अनुभूति हो। इसके पार्श्व में एक दृश्यावली, मध्य में एक स्मृति सभागार होगा, जिसमें नेताजी की एक कांसे की भव्य प्रतिमा होगी। सभागार तक आवागमन के लिए चारों तरफ घास के मैदान होंगे। स्मृति सभागार में नेताजी की भव्य प्रतिमा लगाई जाएगी। उनसे जुड़ी चीजों और तस्वीरों का संग्रह किया जाएगा। स्मारक के निर्माण कार्य नेताजी के नाम से बनाए गए ट्रस्ट के माध्यम से किए जाएंगे।

10 अक्तूबर 2022 को नेताजी के निधन के बाद अंत्येष्टि के दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके परिवार ने नेताजी के नाम पर सैफई में स्मारक बनवाने का निर्णय लिया था। आज उसी स्मारक का शिलान्यास किया गया है।

**हाइराइज सोसायटी की ....**

उनके पति नितिन कुमार शुक्ला सोसायटी की पार्किंग से अपनी कार निकालने के लिए गए थे। पार्किंग में आनंद सिंह विनीत सिंह अमित द्विवेदी सहित 7 लोग खुलेआम शराब पी रहे थे। नितिन शुक्ला ने जब उनसे शराब पीने से मना किया तो सभी आरोपी गाली गलौज पर उतर आए। इस दौरान नितिन शुक्ला उनकी वीडियो बनाने लगे जिस पर शराब पी रहे लोगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराब सुनकर वह नीचे पार्किंग में पहुंची और अपने पति को बचाने का प्रयास किया। भाग्यश्री शुक्ला का आरोप है कि शराब के नशे में धुत लोगों ने उनसे अपशब्द कहते हुए अभ्रद व्यवहार किया और उनका सोने का मंगलसूत्र छीन लिया।पीड़िता ने घटना से संबंधित फोटो व वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराई हैं थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**मजदूर की मौत पर ....**

और वह बेहोश होकर गिर गया ठेकेदार व साथी कर्मचारी उसे एक अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

गुलफाम अली ने आरोप लगाया कि उसके भाई की मृत्यु के काफी समय बाद उन्हें मौत की सूचना मिली। उन्होंने जब ठेकेदारों से संपर्क किया तो वह उन्हें बरगलाते रहे और जीशान की मौत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो दोनों ठेकेदार उसके भाई के शव को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। इस संबंध में जब ठेकेदारों से फोन पर संपर्क करने किया गया तो उन्होंने अभद्र व्यवहार करते हुए इस मामले की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**दनकौर के प्रसिद्ध ....**

मंदिर में रखें दो मुख्य दान पात्र गायब थे। दान पात्र गायब होने पर जब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया तो उसमें एक व्यक्ति दान पात्र ले जाता हुआ दिखाई दिया।

उन्होंने बताया कि पिछले कुछ महीनों के दौरान मंदिर में चोरी होने की यह दूसरी घटना है। पूर्व में भी मंदिर से दान पात्र व अन्य सामान चोरी हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि मुकुल बंसल की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को उपलब्ध कराई गई सीसीटीवी फुटेज से चोर की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

**शासनादेश को प्राधिकरण ..**

बताया जाता है कि धारा-10 के नोटिस के बाद आवंटी के साथ जिस तरह लेनदेन का 'खेल' चलता था वह किसी से छुपा नहीं है। इस बात की शिकायत एनईए ने सीईओ डॉ. लोकेश एम से की थी। इसके बाद कुछ दिन पूर्व अविनाश त्रिपाठी से हाउसिंग विभाग का प्रभार ले लिया गया तथा यह प्रभार नए ओएसडी महेंद्र सिंह को सौंप दिया गया और अब देर सबेर ही सही सीईओ ने अविनाश त्रिपाठी को रिलीव भी कर दिया है।

बता दें कि औद्योगिक विकास विभाग के विशेष सचिव मदन सिंह ने 28 सितंबर को कार्यालय ज्ञाप के जरिए ओएसडी अविनाश त्रिपाठी का तबादला बागपत जिले के उपजिलाधिकारी के पद पर करने के लिए निर्देश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि अविनाश त्रिपाठी तत्काल नवीन तैनाती के पद पर कार्यभार ग्रहण करना सुनिश्चित करें तथा संबंधित नियंत्रक प्राधिकारी तत्काल प्रभाव से श्री त्रिपाठी को कार्यमुक्त करें। वरना इसे अनुशासनहीनता माना जाएगा। इसके बावजूद भी 33 दिनों बाद ओएसडी अविनश त्रिपाठी को सीईओ ने रिलीव किया।

**समाजवादी विचारधारा ....**

धर्मनिरपेक्षता को मजबूती प्रदान करने के लिए काम किया। हम सब को उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलते हुए समाजवादी विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना है।

इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने कहा कि नेता जी ने सदैव गरीब, मजदूर, किसान, अल्पसंख्यक और पिछड़ों के हितों के लिए संघर्ष किया है और उन्हें सम्मान दिलाने का काम किया। डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी के सपनों को साकार करने के लिए मुलायम सिंह यादव जी ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। डॉ लोहिया के विचारों से प्रभावित होकर नेता जी ने छात्र जीवन से ही देश में समाजवादी आन्दोलन को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने अपने जीवन में कई उतार चढ़ाव देखे, लेकिन बिना विचलित हुए उन्होंने गरीब, किसानों के हकों के लिये संघर्ष किया।

इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व चेयरमैन गजराज नागर, इन्दर प्रधान, संजीव त्यागी, सुधीर तोमर, मिंटी खारी, अमित रौनी, अकबर खान, रोहित मत्ते गुर्जर, अवनीश भाटी, विकास भनौता, नवीन भाटी, दीपक शर्मा, विनोद लोहिया, हैप्पी पंडित, अनीस अहमद, विनीत यादव, कुंवर नादिर अली, सीपी सोलंकी, अनिल प्रजापति, लखन जाटव, गजब भाटी, बबली भाटी, विपिन सैन, हरीश खारी, गजेंद्र यादव, ओमप्रकाश, राहुल नागर आदि मौजूद रहे।

**चोरी की बाइक....**

इस दौरान बाइक सवार एक युवक को जांच के लिए रोका गया पुलिस के मांगने पर बाइक सवार कागजात नहीं दिखा पाया संदेह के आधार पर की गई पूछताछ में बाइक सवार ने अपना नाम सूरज गोपाल निवासी उत्तराखंड बताते हुए स्वीकार किया कि उक्त बाइक चोरी की है।

थाना प्रभारी के मुताबिक सूरज गोपाल के पास से मिली बाइक गाजियाबाद से चोरी की गई थी।

## गिरफ्त में आया 10 हजार का ईनामी बदमाश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-142 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश पर 10000 रूपये का इनाम भी घोषित था। थाना प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर-140 से राकेश कुमार पुत्र प्रमोद कुमार निवासी ग्राम धोरेरा थाना कांठ जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में इसके पास से तमंचा व कारतूस भी बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज था और इसमें वह वांछित चल रहा था लगातार वांछित चलने के कारण गौतमबुधनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा उस पर 10 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया गया था।



पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-49 में लूट आर्म्स एक्ट आदि के मुकदमे दर्ज हैं।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com



**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना सं: 9620232024 — दिनांक : 16.11.2023

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्यों के लिये ई-निविदाएं प्रपत्र पर दिनांक 15.12.2023 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. सं. | कार्यों का विवरण | अनुमानित मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| 01 / निविदा नं. 259 | उप मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति शक्ति के तहत शिकोहाबाद और फिरोजाबाद स्टेशन पर मौजूदा गुड्स शेड के उन्नयन का कार्य। | ₹ 21,65,38,997.50; बयाने की रकम (₹) ₹ 12,32,700.00 |
| 02 / निविदा नं. 260 | उप मुख्य परियोजना प्रबन्धक गति शक्ति के तहत मैनपुरी स्टेशन पर मौजूदा गुड्स शेड के उन्नयन का कार्य। | अनुमानित मूल्य (₹) ₹14,22,06,442.60; बयाने की रकम (₹) ₹ 8,61,000.00 |

सभी कार्य समापन की अवधि: 12 माह, सभी निविदा खुलने की तिथि : 15.12.2023, इलिजिबिलिटी काइटएरिया के अन्तर्गत सिमिलर कार्य: कोई सिविल इंजीनियरिंग वर्क, नोट : 1. आन लाइन निविदा दिनांक 15.12.2023 को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2. उपरोक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण (निविदा प्रपत्र सहित) वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे टेण्डर खुलने की तिथि 15.12.2023 तक उपलब्ध है। 1870/23(DG)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं.: पी0आर0वाई0 जे0-सिग-413-2023-24 — दिनांक 17-11-2023

ई-निविदा सूचना

वरीष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 13-12-2023 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| क्र.सं : 1; निविदा संख्या पी0आर0वाई0 जे0-सिग-413-2023-24 | कार्य का विवरण: प्रयागराज मंडल के बरहन-एटा सेक्शन में गेट नंबर 19c (SWW-JSC) और 33C (JSC-KWW) की इंटरलॉकिंग का प्रावधान। अनुमानित मूल्य (₹ में): ₹ 10248288.77/-(एक करोड़ दो लाख अड़तालीस हज़ार दो सौ अट्ठासी रुपये और सतहतर पैसे केवल ) |
| निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रुपये में) 201300.00 | कार्य समापन की अवधि: 06 माह; निविदा बंद होने/खुलने की तिथि: 13.12.2023 |
| 2. | निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता: निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे |
| 3. | बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप: निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। |
| 4. | निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान: निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 15.30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन,कार्य दिवस पर खोली जाएगी। |
| 5. | निविदा की वैधता: निविदा खुलने के 60 दिन तक |
| 6. | निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार: रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1892/23 (ADM) |

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



# लाल सागर से भारत आ रहे जहाज पर हेलिकॉप्टर से उतरे हूती विद्रोही

## गन पॉइंट पर धमकाया गया स्टाफ को

**नई दिल्ली** (एजेंसी)।

इजराइल-हमास जंग के बीच हूती विद्रोहियों ने रविवार देर शाम लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। इसके एक दिन बाद यानी सोमवार देर शाम हूती ने शिप हाइजैक करने का 2 मिनट का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में हूती लड़ाके एक हेलिकॉप्टर से जहाज पर कूदते दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथों में बंदूकें नजर आ रही हैं। ये जहाज तुर्किये से भारत आ रहा था।

हूती विद्रोहियों ने इसे इजराइली जहाज समझ कर हाइजैक किया था। हालांकि, बाद में इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों के दावे का खंडन किया कि हाइजैक किया गया जहाज उनका है।

### वीडियो में क्या दिखा?

हूती विद्रोही जिस हेलिकॉप्टर से जहाज पर कूदते हैं उस पर फिलिस्तीन का झंडा बना हुआ है। लड़ाकों को जहाज पर उतारने के बाद हेलिकॉप्टर वहां से तुरंत निकल जाता है। जिस वक्त हूती लड़ाके जहाज पर उतरते हैं उस वक्त वहां कोई गार्ड या जहाज का कोई क्रू मेंबर मौजूद नहीं था। हूती लड़ाके कार्गो शिप पर उतरने के बाद अपनी पॉजिशन लेते हैं और हवा में फायरिंग करते हैं। इस वक्त भी कोई जहाज से नहीं निकलता है। इसके बाद हूती शिप के ऑपरेटिंग एरिया का दरवाजा खुलवाते हैं और वहां मौजूद क्रू को बंदूकों को डर दिखाकर एक तरफ जाने को कहते हैं।

**कार्गो शिप हाईजैक करने का वीडियो जारी**



### ईरान की शह पर हुआ हाइजैक : नेतन्याहू

जहाज हाइजैक होने की जानकारी मिलते ही नेतन्याहू ने इसका आरोप ईरान पर लगाया था। इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे ईरान की ओर से अंतरराष्ट्रीय जहाज पर हमला बताया है। उन्होंने कहा यह ईरान की तरफ से की गई आतंकी हरकत है। ये दुनिया पर हमले की कोशिश है। इससे दुनिया की शिपिंग लाइन भी प्रभावित होगी। वहीं, हूती मिलिट्री के प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा है कि वो जहाज पर मौजूद सभी बंधकों को इस्लामिक उसूलों और तौर-तरीके के साथ संभाल रहे हैं। उन्होंने लाल सागर में इजराइली जहाजों को निशाना बनाने की फिर से धमकी दी है।

### जहाज छुड़ाने जापान क्यों कर रहा कोशिश?

इजराइल डिफेंस फोर्सेज के अनुसार बहामास के झंडे तले जा रहा जहाज ब्रिटिश कंपनी के नाम पर रजिस्टर्ड है। इजराइली कारोबारी अब्राहम उंगर इसके आंशिक हिस्सेदार हैं। फिलहाल यह एक जापानी कंपनी को लीज पर दिया गया था। यही वजह है कि जापान ने जहाज और क्रू मेंबर्स को छुड़वाने के लिए सीधे हूती विद्रोहियों से संपर्क किया है। इजराइली विदेश मंत्रालय के अनुसार, जहाज पर यूक्रेन, बुल्गारिया, फिलीपींस और मेक्सिको के 25 नागरिक सवार हैं।

### आज का इतिहास

- 1997 में भारत की डायना हेडेन विश्व सुंदरी बनी थीं।
- 2000 में पाकिस्तान व ईरान पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था।
- 1998 में बांग्लादेश की विवादास्पद लेखिका तस्लीमा नसरीन ने ढाका की अदालत में आत्मसमर्पण किया था।
- 1971 में भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे की हवाई सीमाओं का उल्लंघन किया और दोनों देशों के बीच हवाई संघर्ष शुरू हुआ था।
- 1968 में मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली थी।
- 1963 में डलास (टेक्सास) में अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी की हत्या की गई थी।
- 1939 में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव का जन्म हुआ था।
- 1864 में भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म हुआ।
- 2016 में मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राम नरेश यादव का निधन हुआ था।

**राजस्थान : कांग्रेस ने वोटिंग से 4 दिन पहले जारी किया घोषणापत्र**

# 10 लाख को नौकरी, जातिगत जनगणना भी होगी

### व्यापारियों को मिलेगा 5 लाख रुपए तक बिना ब्याज के कर्ज

**जयपुर,** (एजेंसी)। राजस्थान में कांग्रेस ने वोटिंग से 4 दिन पहले मंगलवार को अपना घोषणापत्र जारी किया। इसे जन घोषणा पत्र-2 नाम दिया है। पार्टी ने चिरंजीवी स्वास्थ्य सुरक्षा बीमा की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपए करने का वादा किया। राज्य की 199 सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होगा। युवाओं के लिए 10 लाख नई नौकरी सृजित करने की बात कही।

इनमें 4 लाख नई सरकारी नौकरियां हैं। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद का कानून बनाने और किसानों को 2 लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त कर्ज देने का वादा किया है। इसके साथ ही गांव के व्यापारियों को 5 लाख तक बिना ब्याज कर्ज देने का वादा किया गया है। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर व्यापारी क्रेडिट कार्ड बनाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य में विधान परिषद बनाने का वादा भी किया गया है। कांग्रेस ने जो 7 गारंटी दी हैं, उसमें आगे चलकर बीपीएल और उज्ज्वला गैस कनेक्शन वाले परिवारों को 400 रुपए में सिलेंडर देने का वादा किया है। कांग्रेस ने कहा है कि वह नफरती भाषण देने वाले व्यक्तियों को दंडित करने के लिए कड़े कानून लागू करेगी।



### अभी सिर्फ 6 राज्यों में विधान परिषद

कांग्रेस ने राजस्थान में विधान परिषद बनाने का बड़ा वादा भी किया है। अभी राजस्थान में सिर्फ विधानसभा है। इसके लिए विधायक सीधे जनता चुनती है, जबकि विधान परिषद के सदस्यों का निर्वाचन अप्रत्यक्ष प्रणाली से होता है। जिस राज्य में विधान परिषद अस्तित्व में है, वहां केंद्र में लोकसभा और राज्यसभा की तर्ज पर विधानसभा और विधान परिषद कार्य करती है, जैसे संसद में राज्यसभा काम करती है। फिलहाल भारत के 6 राज्यों में ही विधान परिषद का अस्तित्व है। इसमें उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक शामिल हैं। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में भी विधान परिषद बनाने का वादा किया था, लेकिन 15 महीने बाद सरकार गिर गई थी।

### कांग्रेस का वादा: सरकार में आए तो तुरंत उठाएंगे यह कदम...

1. फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए कानून लाएंगे। सहकारी बैंकों से सभी किसानों को 2 लाख रुपए तक के ब्याज मुक्त कृषि ऋण की सुविधा देंगे। ईआरसीपी को क्रमबद्ध लागू करने के लिए विस्तृत योजना पेश करेंगे।
2. पांच साल में दस लाख रोजगार के अवसर सृजित करेंगे। इनमें से 4 लाख सरकारी नौकरियों में भर्ती होगी। पंचायत स्तर पर भर्ती की योजना लाएंगे, जिसमें इन कर्मचारियों को धीरे-धीरे सरकारी रिक्तियों के साथ विलय कर जमीनी स्तर पर रोजगार देंगे।
3. महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक गांव और वार्ड में सुरक्षा प्रहरी की नियुक्ति करेंगे। यौन उत्पीड़न के मामले में तुरंत न्याय दिलाने के लिए जांच में लगने वाले समय को कम करेंगे। रोडवेज बसों में वर्तमान छूट के अलावा निशुल्क यात्रा के लिए हर महीने एक फ्री कूपन दिया जाएगा।
4. समाज के सभी तबकों के लिए समान सामाजिक कल्याण की भावना पर आधारित नीति निर्माण हेतु वास्तविक जनसंख्या के आधार पर लाभ देने जाति आधारित जनगणना करेंगे।
5. चिरंजीवी योजना में बीमा राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रुपए वार्षिक करेंगे। संतान सुख से वंचित दंपतियों को राहत देने के लिए आईवीएफ पैकेज निशुल्क देंगे।
5. शिक्षा की गारंटी कानून लाकर आरटीई के तहत आठवीं क्लास के स्थान पर 12वीं तक की शिक्षा उपलब्ध करवाएंगे। दो निकटतम शहरों के लिए एक विशेष विकास प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। जवाबदेही कानून और स्वतः सेवा प्रदायगी कानून लेकर आएंगे।

# कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले की दी गई धमकी

**चंडीगढ़,** (एजेंसी) भारत की कड़ी प्रतिक्रियाओं के बाद भी कनाडा में खालिस्तान समर्थकों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। खालिस्तानियों ने एक बार फिर वीडियो जारी कर हिंदू मंदिर पर हमले की धमकी दी है। खालिस्तानियों ने कहा है कि वे रविवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर पर अटैक करेंगे। इस वीडियो को कनाडा के सांसद चंद्र आर्य ने शेयर किया है। उन्होंने खालिस्तानियों की धमकी पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कनाडा की पुलिस से इसके खिलाफ एक्शन लेने की मांग की है। चंद्र आर्य ने सोशल मीडिया पर कहा है, कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले सप्ताह खालिस्तान समर्थकों ने सरे बीसी में एक सिख गुरुद्वारे के बाहर सिख परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया। अब ऐसा लगता है कि वही खालिस्तान ग्रुप सरे में हिंदू लक्ष्मी नारायण मंदिर में समस्या खड़ी करना चाहता है। यह सारी चीजें बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर किया जा रहा है।

**कनाडाई सांसद ने कहा - सरकार एक्शन लें...**

### हिंदू मंदिरों पर हमले बढ़े

कनाडाई सांसद ने आगे कहा कि एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह मैं फिर से कनाडाई अधिकारियों से हस्तक्षेप करने और कार्रवाई करने के लिए कह रहा हूं। पिछले कुछ सालों में हिंदू मंदिरों पर कई बार हमले हुए हैं।

# कोरोना वैक्सीन से अचानक मौतें नहीं बढ़ीं

## आईसीएमआर का दावा- फैमिली हिस्ट्री, शराब-ड्रग्स इसके लिए जिम्मेदार

**नई दिल्ली,** (एजेंसी) इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने एक स्टडी में दावा किया है कि कोविड-19 वैक्सीन लेने से देश के युवाओं में अचानक मौतों का रिस्क नहीं बढ़ा है। स्टडी के मुताबिक, कोरोना के दौरान अस्पताल में भर्ती होने, अचानक मौतों की फैमिली हिस्ट्री और कुछ लाइफस्टाइल आदतों के चलते अचानक होने वाली मौतों में बढ़ोतरी हुई है। इन लाइफस्टाइल आदतों में मौत से 48 घंटे पहले तक लगातार शराब पीना, ड्रग्स या किसी और नशीले पदार्थ का सेवन करना और मौत से 48 घंटे पहले अलग-अलग तरीके की इंटेंस फिजिकल एक्टिविटी करना शामिल है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि वैक्सीन की कम से कम एक डोज लेने से लोगों में ऐसी अचानक मौतों का रिस्क कम हो सकता है।



### 47 अस्पतालों में की स्टडी

ये रिसर्च 1 अक्टूबर 2021 से 31 मार्च 2023 के बीच देशभर के 47 बड़े अस्पतालों में की गई। स्टडी में 729 केस और 2,916 कंट्रोल्स को शामिल किया गया था। इस स्टडी में 18 से 45 साल के उन लोगों पर फोकस किया गया जो स्वस्थ थे।

# इजराइल ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन घोषित किया

**नई दिल्ली,** (एजेंसी) इजराइल ने लश्कर-ए-तैयबा को आतंकवादी संगठन घोषित किया है। भारत स्थित इजराइली दूतावास ने कहा है कि मुंबई हमलों के 15वें साल में एक प्रतीक के रूप में इजराइल ये कदम उठा रहा है। इजराइल के दूतावास ने कहा, हम लश्कर-ए-तैयबा को एक आतंकवादी संगठन के रूप में लिस्ट कर रहे हैं। भारत सरकार ने ऐसा कोई अनुरोध नहीं किया है, लेकिन इसके बावजूद, इजराइल ने औपचारिक रूप से सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं और लश्कर-ए-तैयबा को अवैध आतंकवादी संगठनों की इजराइली सूची में शामिल किया है। 26 नवंबर 2008 को लश्कर-ए-तैयबा के प्रशिक्षित और भारी हथियारों से लैस दस चरमपंथियों ने मुंबई की कई जगहों और प्रतिष्ठित इमारतों पर हमला कर दिया था, जो चार दिन तक चला। मुंबई हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। नरीमन हाउस पर हुए हमले में इजराइली बच्चे मोशे होल्ट्ज़बर्ग की रोती हुई तस्वीर काफी चर्चित रही थी। मोशे के माता-पिता मारे गए थे।

# प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट ने बीजेपी को दिया 256 करोड़ का चंदा

**नई दिल्ली,** (एजेंसी) मार्च 2023 में खत्म हुए वित्तीय साल में बीजेपी को प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट से कुल 256.25 करोड़ रुपये का चंदा मिला, जबकि बीआरएस को 90 करोड़ रुपये और वाईएसआरसीपी को 16 करोड़ रुपये मिले। निर्वाचन आयोग में दी गई जानकारी के अनुसार, इस ट्रस्ट ने बीते वित्तीय वर्ष के दौरान राजनीतिक दलों को कुल 363.15 करोड़ रुपये का चंदा दिया है। खबरों के अनुसार, ट्रस्ट की ओर से जारी किए आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल कुल दिए गए चंदे का 70.56 फीसदी बीजेपी को मिला, वहीं आम आदमी पार्टी को दो सालों में 45-45 लाख रुपये की दो किस्त में कुल 90 लाख रुपये और ट्रस्ट से बीजेपी को 17 किस्त में दान मिला। ट्रस्ट ने बीआरएस को तीन बार चंदा दिया, जो कुल 90 करोड़ थे।

# पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बोले- वन नेशन वन इलेक्शन का फायदा सत्ताधारी पार्टी को मिलेगा

**चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, योजना में कोई भेदभाव नहीं**



**रायबरेली** (एजेंसी)। वन नेशन वन इलेक्शन कमेटी के चेयरमैन और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि इस योजना का फायदा केंद्र की सत्ताधारी पार्टी को मिलेगा। वह चाहे भाजपा हो, कांग्रेस हो या दूसरे राजनीतिक दल। योजना देश हित में है। इसमें कोई भेदभाव नहीं है। इसमें सबसे ज्यादा फायदा आम जनता को होगा, क्योंकि जितना राजस्व बचेगा, वह विकास कार्यों में लगाया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश के रायबरेली में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, मैंने सभी रजिस्टर्ड पार्टियों से सुझाव मांगे हैं। कभी न कभी हर राष्ट्रीय पार्टी ने इसका समर्थन भी किया है। कुछ दल असहमत हो सकते हैं। मगर हम सबसे अनुरोध कर रहे हैं कि आप अपना सहयोग दें। इसमें देश का हित है।

**फटकार** दिल्ली प्रदूषण पर 3 राज्य सरकारों को सुप्रीम कोर्ट ने लगाई कड़ी फटकार...

# किसानों को विलेन मत बनाइए, समस्या दूर करना आपका काम

**नई दिल्ली** (एजेंसी)

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली प्रदूषण मामले में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली और पंजाब सरकार से पूछा कि प्रदूषण की समस्या को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के किसानों के साथ हमदर्दी दिखाई। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले किसानों को विलेन बना दिया जाता है। कोई उनका पक्ष नहीं सुनता है। किसानों के पास पराली जलाने के लिए कारण जरूर होंगे। पंजाब सरकार को उन्हें पराली जलाने से रोकने के लिए सहायता राशि देनी चाहिए। कोर्ट ने दिल्ली, पंजाब और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकारते हुए कहा, बीते छह साल में यह सबसे प्रदूषित नवंबर रहा है। हमें समस्या पता है और उस समस्या को दूर करना आपका काम है।



### कोर्ट बोला- दिल्ली और पंजाब की आप सरकारें प्रदूषण रोकने के लिए तत्काल एक्शन लें...

जस्टिस एसके कॉल और एस धूलिया की बेंच ने पंजाब और दिल्ली की सरकारों से कहा कि पराली जलाने के खिलाफ सख्त एक्शन लें, जिससे दिल्ली के प्रदूषण में इजाफा होता है। यह पहली बार नहीं है, जब सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को उठाया है कि प्रदूषण फैलने के मामले में सभी तरफ से किसानों को दोषी ठहराया जाता है, लेकिन सुनवाई में उनका पक्ष नहीं रखा जाता। कोर्ट ने यह भी कहा कि पंजाब सरकार को किसानों को पराली जलाने से रोकने के लिए सहायता राशि देनी चाहिए। पंजाब सरकार को हरियाणा सरकार से सीखना चाहिए।

### पराली जलाने वालों पर 2 करोड़ रुपए जुर्माना और 1000 एफआईआर

सुनवाई के दौरान पंजाब के अटॉर्नी जनरल ने कहा कि पराली जलाने पर हमने 1 हजार एफआईआर दर्ज की हैं और 2 करोड़ जुर्माना लगाया है। हम पराली में लगी आग को बुझा रहे हैं, लेकिन लोग इसके विरोध में सड़कों पर उतर रहे हैं। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि लोगों का सड़कों पर उतरना एक समस्या है। यह कानून व्यवस्था की स्थिति है। हम आधी रात को भी आग बुझा रहे हैं। अगले सीजन की शुरुआत से ही सख्त कदम उठाए जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट ने पक्ष सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 7 दिसंबर तय की है।




# वनडे और टी-20 में नया ओवर शुरू करने में की देरी तो लगेगी 5 रन की पेनल्टी

## क्रिकेट के नियमों में बदलाव, आईसीसी करेगा ओवरों के बीच स्टॉप क्लॉक का प्रयोग

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) खेल की गति को नियंत्रित करने के लिए ओवरों के बीच स्टॉप क्लॉक का प्रयोग करेगा।

आईसीसी ने मंगलवार को अहमदाबाद में आयोजित बैठक में बताया कि इस प्रयोग के तहत अगर गेंदबाजी पक्ष एक पारी में एक मिनट के भीतर नया ओवर शुरू करने में तीन बार विफल रहता है तो उस पर पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। इस कदम को मुख्य कार्यकारी समिति द्वारा लागू किया जायेगा और यह पुरुषों के एकदिवसीय और टी-20 तक ही सीमित रहेगा और इस दिसंबर और अप्रैल 2024 के बीच छह महीने के लिए परीक्षण के आधार पर लागू किया जाएगा। घड़ी का



उपयोग ओवरों के बीच लगने वाले समय को नियंत्रित करने के लिए किया जाएगा। यदि गेंदबाजी टीम पिछले ओवर के पूरा होने के 60 सेकंड के भीतर अगला ओवर फेंकने के लिए तैयार नहीं है, तो एक पारी में तीसरी बार ऐसा होने पर पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। वर्ष 2022 में आईसीसी ने धीमी ओवर गति से निपटने के लिए पुरुष और महिला एकदिवसीय क्रिकेट और टी-20 में मैच जुर्माना लगाया था। वर्तमान में मैच की स्थितियों के अनुसार, दोनों प्रारूपों के लिए मंजूरी यह है कि यदि क्षेत्ररक्षण टीम निर्धारित समय तक अंतिम ओवर शुरू करने में विफल रहती है, तो उन्हें 30-यार्ड घेरे के बाहर एक क्षेत्ररक्षक कम रखना होता है। यह सजा आईसीसी की मैच शर्तों के तहत धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दिए जाने वाले आर्थिक जुर्माने के अतिरिक्त है।

### चार मिनट में गेंदबाज को पूरा करना होता है एक ओवर

आईसीसी की तरफ से 50 ओवर फेंकने के लिए गेंदबाजी करने वाली टीम को 210 मिनट दिए जाते हैं। जैसे जैसे गेंदबाजी करने वाली टीम अपने ओवर पूरे करने में समय बढ़ाती जाती है, वैसे वैसे एक फिल्डर्स को उतने समय के लिए 30 यार्ड सर्कल के भीतर रखा जाता है। गेंदबाज के पास एक ओवर फेंकने के लिए 4 मिनट होते हैं और 70 मिनट के बाद एक ड्रिंक्स ब्रेक भी होता है, जो 210 मिनट में ही शामिल होता है।

### पिच और आउटफील्ड निगरानी नियमों में भी बदलाव

आईसीसी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी से पिच को प्रतिबंधित करने की अपनी प्रक्रिया में भी बदलाव किया। पिच और आउटफील्ड निगरानी नियमों में बदलाव को भी मंजूरी दी गई, जिसमें उन स्टैंडर्ड को आसान करना शामिल है जिनके आधार पर पिच का आंकलन किया जाता है और वेन्यू का अंतरराष्ट्रीय दर्जा हटाने के लिए अब पांच साल में डिमेरिट अंकों की संख्या को पांच की जगह छह अंक किया जाएगा।

### ट्रांसजेंडर क्रिकेटर नहीं कर सकेंगे देश का प्रतिनिधित्व

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को पहली अंतरराष्ट्रीय किन्नर क्रिकेटर डेनली मक्गही के क्रिकेट खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आईसीसी एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए बताया है कि उन्होंने उन क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय महिलाओं के खेल में प्रतिस्पर्धा करने से रोक दिया जो मेल प्यूबर्टी (पुरुषों में किशोरावस्था में होने वाला शारीरिक/लैंगिक बदलाव) हासिल कर चुके हैं। ट्रांसजेंडर क्रिकेटर अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर सकेंगे। नई नीति निम्नलिखित सिद्धांतों पर आधारित है, महिलाओं के खेल की अखंडता की सुरक्षा, सुरक्षा, निष्पक्षता और समावेशन, और इसका मतलब है कि कोई भी पुरुष से महिला प्रतिभागी जो किसी भी प्रकार के मेंस के शारीर से गुजर चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में ये 5 खिलाड़ी भी थे जगह पाने के हकदार

# भुवनेश्वर, चहल व संजू नजरअंदाज

## आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज व एशियन गेम्स में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों पर जताया भरोसा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने सोमवार को भारतीय टीम की घोषणा कर दी हैं। विश्वकप टीम का हिस्सा रहे सूर्यकुमार को इस टीम की कमान मिली है। वहीं आखिरी दो मैचों में श्रेयस अय्यर भी टीम के साथ बतौर उपकप्तान जुड़ेंगे। लेकिन यहां हम बात उन खिलाड़ियों की करेंगे, जिन्हें मौका नहीं मिला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 23 नवंबर से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए जिन खिलाड़ियों को मौका नहीं मिला है, उनमें तेज गेंदबाज, भुवनेश्वर कुमार, लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल, विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा और रियान पराग का नाम शामिल है। चयनकर्ताओं ने उन्हीं खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है, जिन्होंने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज और फिर चीन में खेले गए एशियन गेम्स 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके साथ-साथ उन खिलाड़ियों को भी तवज्जो दी गई है, जिनका आईपीएल पिछले दो सीजन में अच्छा रहा है। वहीं ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में से डेविड वॉर्नर को आराम दिया गया है।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए भारतीय टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़ (उप-कप्तान), ईशान किशन, जयसवाल, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, अर्शदीप, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और मुकेश कुमार। श्रेयस अय्यर आखिरी दो मैचों में उपकप्तान होंगे।



### भुवनेश्वर ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में झटके 16 विकेट

भुवनेश्वर कुमार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सात मैचों में 5.84 की प्रभावशाली इकॉनमी रेट से कुल 16 विकेट लिए हैं, लेकिन चयनकर्ताओं को लगा कि उनकी गति में काफी गिरावट आई है। उन्होंने बमुश्किल 130 किमी प्रति घंटे की औसत से गेंदबाजी की। उन्होंने अपना अंतराष्ट्रीय मैच टी-20 विश्वकप 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 22 नवंबर को खेला था। विश्वकप में टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें ड्रॉप कर दिया गया था और घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उन्हें मौका नहीं दिया जा रहा है। भुवनेश्वर ने अबतक 21 टेस्ट में 63, 121 वनडे में 141 और 87 वनडे में 90 विकेट लिए हैं। भुवी टी 20 में भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं।



### चहल टी-20 में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय

टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में मौका नहीं मिला। अनुभवी चहल से पहले युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई को मौका दिया गया है। हालांकि, एकाएक टीम में चयन नहीं होना ये भी दर्शाता है कि उनको शायद टी-20 विश्वकप 2024 के लिए कंसीडर नही किया जाएगा। 2016 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने वाले चहल ने अब तक 80 मैच में 96 विकेट ले चुके हैं। युजी का आईपीएल में प्रदर्शन सबसे बढ़िया रहा है। कई प्रमुख सीरीज से हुए बाहर चहल आईपीएल में भले ही सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले प्लेयर हैं लेकिन उन्हें भारतीय टीम में बमुश्किल ही शामिल किया जाता है।



### संजू सैमसन को नहीं मिल रहे लगातार मौके

आईपीएल और टीम इंडिया के लिए मिले गिने चुने मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले संजू सैमसन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के इस सीजन में प्रभावी साबित नहीं हुए। उन्होंने केरल के लिए खेलते हुए 8 मैचों में कुल 138 रन बनाए। चयनकर्ताओं को उनका सेलेक्शन टी20 टीम के लिए करने में परेशानी नजर आई और उन्होंने युवा जितेश शर्मा को चुना। 24 टी20 खेलने वाले संजू ने अब तक 19.68 की औसत और 133.57 की स्ट्राइक रेट से 374 रन बनाए। इस दौरान सैमसन का उच्चतम स्कोर 77 रन है। संजू ने पिछले पांच टी20 में तीन बार बबल्लेबाजी की। वेस्टइंडीज के खिलाफ 13 रन पर आउट हुए थे।

### पराग ने घरेलू क्रिकेट में जड़े थे लगातार सात अर्धशतक



असम की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले रियान पराग ने हाल में सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में लगातार 7 मैचों में सात अर्धशतक ठोके फिर भी उन्हें टीम इंडिया में जगह नहीं मिली। पराग ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के 10 मैचों में 182 के स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 510 रन ठोके थे। इस टूर्नामेंट में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बावजूद रियान पराग और अभिषेक शर्मा बाहर हैं। असम के लिए खेलने वाले पराग टूर्नामेंट में 10 मैचों में 510 रन के साथ टॉरप रन स्कोरर थे, जिसमें 182 की स्ट्राइक रेट के साथ सात अर्धशतक शामिल थे।

### पंजाब के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को भी नहीं मिली जगह



पंजाब के बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा, जो एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिनर भी हैं, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 10 मैचों में 485 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें 192 के स्ट्राइक-रेट के साथ दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं। इनका चयन ना होना ये दर्शाता है कि आईपीएल में आपको निरंतरता दिखाने की जरूरत है। अगर अभिषेक शर्मा को टीम इंडिया के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में चुना जाता तो वो टीम को प्लेइंग 11 में टीम को एक बोलिंग करने का भी विकल्प प्रदान कर सकते थे।

### अफगानिस्तान का भारत दौरा कंफर्म, 11 जनवरी से शुरु होगी तीन मैचों की टी-20 सीरीज

आईसीसी वनडे वर्ल्डकप 2023 फाइनल में दिल टूटने के बाद टीम इंडिया का फोकस अब द्विपक्षीय सीरीज पर शिफ्ट हो गया है। अब भारत और अफगानिस्तान की सीरीज भी कंफर्म हो गई है। अफगानिस्तान टीम अगले साल जनवरी में भारत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलेगी। इसकी पुष्टि अफगगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने मंगलवार (21 नवंबर) को की। बता दें कि भारत और अफगानिस्तान के बीच पहली बार सीमित ओवरों की सीरीज आयोजित होगी। दोनों टीमों ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के टूर्नामेंट के अलावा कभी भी एक-दूसरे के खिलाउफ व्हाइट बॉल मैच नहीं खेला है। भारत और अफगानिस्तान एक टेस्ट मैच खेल चुके हैं, जो साल 2018 में बेंगलुरु में हुआ था। भारत ने यह मुकाबला पारी और 262 रन से अपने नाम किया था। भारत और अफगानिस्तान की टी20 सीरीज का आगाज 11 जनवरी, 2024 को होगा। पहला मैच मोहाली में खेला जाएगा। दोनों की दूसरी भिड़ंत 14 जनवरी को इंदौर में होगी। सीरीज का तीसरा और आखिरी टी20 मुकाबला 17 जनवरी को बेंगलुरु में होगा।

# आईसीसी ने श्रीलंका से छीनी पुरुष अंडर-19 विश्वकप की मेजबानी

## निलंबन के बाद भी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल सकती है श्रीलंकाई टीम

**अहमदाबाद, (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बोर्ड ने श्रीलंका से अगले साल होने वाले पुरुष अंडर-19 विश्वकप की मेजबानी छीनकर उसे दक्षिण अफ्रीका स्थानांतरित कर दिया है। आईसीसी के बोर्ड ने वैश्विक संचालन संस्था द्वारा श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को सरकारी हस्तक्षेप के कारण अस्थाई रूप से निलंबित करने के 11 दिन बाद यह कदम उठाया।



आईसीसी की बैठक में यह तय किया गया कि श्रीलंका की क्रिकेट टीम बोर्ड के निलंबन के बावजूद अंतरराष्ट्रीय मैच खेल सकती है। एसएलसी ने ही आईसीसी से संपर्क करके देश में क्रिकेट के संचालन में सरकारी हस्तक्षेप की जानकारी दी थी। एसएलसी और खेल मंत्रालय पिछले कुछ समय से आमने-सामने हैं। सरकार ने एसएलसी अधिकारियों पर भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन में शामिल होने का आरोप लगाया है। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा, अंडर-19 विश्वकप को एसएलसी के निलंबन के कारण श्रीलंका से दक्षिण अफ्रीका स्थानांतरित कर दिया गया है। प्रतिभागी देशों को एसएलसी को निलंबित करने के बाद कुछ दिन पहले इस बारे में जानकारी दी गई थी। दक्षिण अफ्रीका ने 2020 में भी अंडर-19 विश्वकप की मेजबानी की थी। श्रीलंका की द्विपक्षीय श्रृंखलाएं और घरेलू क्रिकेट इससे प्रभावित नहीं होगा। एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने हाल में चेताया था कि सरकारी हस्तक्षेप जारी रहा तो देश 13 जनवरी से चार फरवरी तक होने वाले अंडर-19 विश्वकप की मेजबानी का अधिकार खो सकता है। सोमवार को एसएलसी ने कहा, एसएलसी का ध्यान निलंबन समस्या को हल करने पर केंद्रित है। ऐसा प्रतीत होता है कि खेल मंत्री आरोपों को लेकर कानूनी रास्ता अपनाए बिना मीडिया हेरफेर के माध्यम से एक अलग एजेंडा अपना रहे हैं। इसका उद्देश्य अपनी शक्तियों के दुरुपयोग के माध्यम से एसएलसी पर नियंत्रण हासिल करना है।

### दो दिसंबर से शुरु होगी प्रो कबड्डी लीग

**मुंबई, (एजेंसी)।** दो दिसंबर से शुरु होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आधिकारिक प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक सीजन के आगमन की शुरुआत करने के लिए इंडिया की हर सांस में कबड्डी नामक अभियान शुरु किया है। अभियान में बॉलीवुड, टॉलीवुड और सैंडलवुड के सितारों की तिकड़ी दिखाई गई है। ब्रॉडकास्टर ने एक आकर्षक पीरियड ड्रामा प्रोमो बनाया है, जिसमें प्रत्येक सुपरस्टार सांसों की लड़ाई को जीतने की तलाश में अपनों का मार्गदर्शन कर रहा है। लीग के सीजन 10 पर दक्षिण सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने कहा, कबड्डी में शक्ति, साहस, दृढ़ संकल्प और जुनून का मिश्रण मेरे साथ गहराई से जुड़ता है। जैसा कि हम प्रो कबड्डी के 10वें सीजन के लिए तैयार हैं, मैं इस एड्रेनालाईन-ईंधन वाली यात्रा का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।

### फीफा वर्ल्डकप क्वॉलीफायर में भारतीय फुटबॉल टीम हारी, कतर 3-0 से जीता

**नई दिल्ली।** सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय फुटबॉल टीम को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में फीफा वर्ल्डकप 2026 क्वॉलीफायर के दूसरे राउंड में कतर के खिलाफ 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। ग्रुप ए का हिस्सा कतर की यह लगातार दूसरी जीत है। उसने पहले मैच में कतर अफगानिस्तान को 8-1 से धूल चटाई थी। वहीं, भारत ने शुरुआती मुकाबले में कुवैत को 1-0 से शिकस्त दी थी।



कतर के लिए मुस्तफा तारेक मशाल (चौथे मिनट), अलमेओज अली (47वें मिनट) और यूसुफ अदुरिसाग (86वें मिनट) ने गोल किए। वहीं भारतीय टीम एक भी गोल दागने में नाकाम रहीं। भारतीय टीम ने चार साल पहले कतर को उनके घरेलू मैदान में गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। टीम उस मुकाबले से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरी थी लेकिन बमुश्किल गोल करने के कुछ मौके ही बना सकी। पहले हाफ के अंत में भारत के पास दो मौके थे लेकिन टीम ने उन्हें गंवा दिया। भारतीय टीम अब भी फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वॉलीफाई करने की रेस में बनी हुई है। भारतीय टीम तीसरे दौर में एक बार भी नहीं पहुंची है। यदि ऐसा होता है तो यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा।

### पाक टीम के गेंदबाजी कोच बने गुल और अजमल

**कराची,(एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए उमर गुल को तेज गेंदबाजी और सईद अजमल को स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद गुल पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के कोचिंग की भूमिका से जुड़े रहे हैं। गुल ने पाकिस्तान के लिए 47 टेस्ट 163 विकेट), 130 वनडे (179 विकेट) और 60 टी20आई (16.97 की औसत से 85 विकेट) खेले हैं। वह पीएसएल 2021 में क्वेटा ग्लैडिएटर्स के कोच रहे और वह वर्ष 2022 में अफगानिस्तान के भी गेंदबाजी कोच थेअजमल पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए 35 टेस्ट (28.10 की औसत से 178 विकेट), 184 वनडे (22.72 की औसत से 184 विकेट) और 64 टी-20 (17.83 की औसत से 85 विकेट) खेले हैं। उन्होंने 447 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने के बाद 2017 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



# प्रणय, सात्विक-चिराग दूसरे दौर में

### चीन मास्टर्सः महिला एकल में आकर्षी कश्यप हारीं

**शेनझेन, (एजेंसी)।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय ने मंगलवार को चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

पीठ की चोट के कारण कुछ टूर्नामेंट से बाहर रहने वाले 31 साल के प्रणय ने पहले दौर में चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन के खिलाफ सीधे गेम में 21-18 22-20 से जीत दर्ज की। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी के खिलाफ 21-13 21-10 की आसान जीत के साथ पुरुष युगल के दूसरे दौर में पहुंचने में सफल रही। महिला एकल में भारत की एकमात्र खिलाड़ी आकर्षी कश्यप झेंग यी मान के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।



### सात्विक और चिराग बीडब्ल्यूएफ के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामित

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ियों सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। सात्विक और चिराग की पुरुष युगल जोड़ी ने हाल में कई खिताब जीते हैं जिसमें चीन के हांगझोउ में एशियाई खेलों का एतिहासिक स्वर्ण पदक भी शामिल है। सात्विक और चिराग ने इससे पहले 2022 राष्ट्रमंडल खेलों का भी स्वर्ण पदक जीता था।

### पांच दिवसीय सीबीएसई नेशनल टेटे प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भोपाल,(खेसं)।** एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी स्कूल एकेडमी में सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2023-24 को एक शानदार उद्घाटन समारोह के साथ शुरू किया गया। यह आयोजन को एनआरआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स में किया जा रहा है। पांच दिवसीय इस प्रतिस्पर्धा में भारत और गल्फ देशों के सीबीएसई स्कूलों से करीब 1200 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे है। उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकायुक्त मध्यप्रदेश के अपर महानिदेशकयोगेश चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को शपथ दिलाई और प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में सुबोध सिंह, एनआरआई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के ग्रुप चेयरमेन भी मौजूद थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस समाचार लिखे जाने तक पूल 125 मैचेस (बॉयज व गर्ल्स) हो चूके थे। एन आर आई ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स के चेयरमेंन सुबोध सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि हम सीबीएसई नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं और भारत और गल्फ देशों के सीबीएसई स्कूलों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का स्वागत कर रहे हैं।

### कमल चावला ने वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप में जीता कांस्य



**भोपाल,(खेसं)।** नेशनल स्नूकर चैम्पियन राजधानी के क्यूईस्ट कमल चावला ने दोहा (कतर) में खेली जा रही वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप के मास्टर्स वर्ग में कांस्य पदक जीता। उन्होंने पहली बार वर्ल्ड स्नूकर चैम्पियनशिप के मास्टर्स वर्ग भाग लिया। कमल का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह 13 वां पदक है। पहली बार मास्टर्स वर्ग में खेल रहे कमल ने अपने ग्रुप में पहले स्थान पर रहते हुए नॉकआउट दौर में प्रवेश किया। कमल ने ईरान के अरमान को 4-0 से हराकर प्री-क्वॉर्टर फाइनल में और बेल्जियम के पीटर बुलेन को 4-2 से पराजित कर अंतिम आठ में जगह बनाई। क्वॉर्टर फाइनल में कमल ने सदरालदिन सालिही (इराक) को एकतरफा 4-0 से पछाडकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में बहरीन के हबीब सबाह ने वे पराजित हुए। अब कमल मास्टर्स टीम स्पर्धा में खेल रहे हैं।

# इटली, स्लोवेनिया व चेक गणराज्य ने कटाया यूरो 2024 का टिकट

### कोच जारोस्लाव सिलहावी ने दिया इस्तीफा



**मिलान, (एजेंसी)।** पिछले दो विश्वकप के लिए क्वॉलीफाई करने में नाकाम रही इटली की टीम ने जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए क्वॉलीफाई कर राहत की सांस ली। इटली के अलावा स्लोवेनिया और चेक गणराज्य ने भी अपनी जगह पक्की की।

इटली को ग्रुप सी में दूसरा स्थान हासिल करने और प्लेऑफ से बचने के लिए केवल एक अंक की जरूरत थी। उसने यूरो क्वॉलीफायर्स में यूक्रेन के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ खेल कर यह महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए। चेक गणराज्य के कोच जारोस्लाव सिलहावी ने मोल्दोवा के खिलाफ अंतिम सीटी बजने के तुरंत बाद इस्तीफा दे दिया। पिछले पांच साल से इस पद पर बने सिलहावी ने कहा कि उन्होंने मैच से पहले ही यह निर्णय कर लिया था। इटली प्लेऑफ में हारने के कारण पिछले दो विश्वकप के लिए क्वॉलीफाई ही नहीं कर पाया था। यूक्रेन को ग्रुप में दूसरा स्थान हासिल करने के लिए इटली पर जीत की जरूरत थी। उसे अब प्लेऑफ में खेलना पड़ेगा। इंग्लैंड इस ग्रुप से पहले ही क्वॉलीफाई कर चुका था। उसने उत्तरी मेसेडोनिया से 1-1 से ड्रॉ खेल कर अपना अजेय अभियान जारी रखा। स्लोवेनिया और चेक गणराज्य को भी यूरो 2024 में जगह बनाने के लिए एक अंक की जरूरत थी। स्लोवेनिया ने कजाखस्तान को 2-1 से जबकि चेक गणराज्य ने मोल्दोवा को 3-0 से हराया।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी

शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर-15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन- 0120- 2321857
मो0- 9811082962

परिवर्तन

# बच्चों में जेंडर बदलने की चाहत

बच्चों की जेंडर पहचान और उनके शारीरिक विकास के बीच संबंध तलाशने के लिए आरहुस यूनिवर्सिटी ने एक सर्वे किया। इसमें कई चौंकाने वाले तथ्यों का खुलासा किया गया है। स्टडी में सामने आया कि बच्चों में जल्दी किशोरावस्था तक पहुंचने की इच्छा पनप रही हैं। इतना ही नहीं, 11 साल की उम्र के बच्चों में जेंडर बदलने की चाहत होने लगी है। रिसर्चर्स ने सर्वे में पाया कि 5 प्रतिशत बच्चों ने आंशिक या पूरी तरह से जेंडर बदलने की इच्छा जताई है। पहली बार इस तरह का सर्वे हुआ है।

इसके लिए सभी बच्चों से हर 6 महीने में उनके शरीर में होने वाले बदलावों के बारे में जानकारी जुटाई। जिन बच्चों ने जेंडर बदलने की चाहत जताई थी, वे दूसरे बच्चों की तुलना में दो महीने पहले ही किशोर हो चुके थे। इसके लिए 'बेटर हेल्थ फॉर जनरेशन्स' रिसर्च प्रोजेक्ट के डेटा का इस्तेमाल किया गया।



## 1996 से शुरू हुई थी रिसर्च

1996 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में डेनमार्क की एक लाख महिलाओं को शामिल किया गया था। उनकी प्रेग्नेंसी, बच्चा पैदा होने से लेकर बच्चों के बड़े होने तक रिसर्च को जारी रखा गया। बच्चों के 11 साल का होने पर उन्हें जेंडर और किशोरावस्था पर हुई स्टडी में शामिल किया गया। हालांकि नतीजे तक पहुंचने से पहले और स्टडी की जरुरत है, ताकि सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

## बाल रोग विशेषज्ञों के लिए महत्वपूर्ण

इस रिपोर्ट के परिणाम बाल रोग विशेषज्ञों के लिए जरुरी हैं, जो किशोरावस्था में प्रवेश कर रहे बच्चों के साथ डील करते हैं। डॉक्टरों के सामने ऐसे कई मामले आ सकते हैं, जिनमें बच्चे जल्दी किशोर होने पर असहज महसूस करें। इसलिए इस बारे में सही जानकारी होनी जरूरी है।

नया शब्द

# दिव्यांग अंतरिक्षयात्री यानी पैरास्ट्रोनॉट

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) ने एक सड़क हादसे में अपने पैर गंवाने वाले एक व्यक्ति को अंतरिक्ष यात्रियों के अपने नए समूह में शामिल कर इतिहास रच दिया है। जॉन मैकफॉल (41) ने 19 साल की उम्र में अपना दाहिना पैर खो दिया था। उन्होंने कहा कि उनका चयन इतिहास में एक बड़ा पड़ाव साबित होगा। उन्होंने कहा, ईएसए एक शारीरिक रूप से अक्षम अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष में भेजने को प्रतिबद्ध है...यह पहली बार है कि किसी अंतरिक्ष एजेंसी ने इस तरह की परियोजना शुरू करने का प्रयास किया और वास्तव में मानवता के नाम एक बड़ा संदेश दिया है।

मैकफॉल ने कहा, मैं खुद को लेकर आश्वस्त हूं। करीब 20 पहले मैं अपना पैर खो बैठा था, मुझे पैरालंपिक में जाने का मौका मिला और उससे भावनात्मक रूप से मैं काफी बेहतर हुआ। जीवन में आई हर चुनौती से मुझे आत्मविश्वास और बल मिला। खुद पर भरोसा करने का जज़्बा मिला कि मैं कुछ भी कर सकता हूं...। उन्होंने कहा, मैंने कभी अंतरिक्ष यात्री बनने का सपना नहीं देखा था। जब ईसीए ने घोषणा की कि वह एक पहल के लिए दिव्यांग व्यक्ति की तलाश कर रहे हैं तभी मेरे मन में इसको लेकर रुचि जागी।

इस पहल को व्यवहार्य बनाए जाने संबंधी अध्ययन तीन साल तक चलेगा। एक पैरास्ट्रोनॉट (दिव्यांग अंतरिक्ष यात्री) के लिए बुनियादी बाधाओं का पता लगाया जाएगा, जिसमें शारीरिक अक्षमता मिशन प्रशिक्षण को कैसे प्रभावित कर सकती है और यदि स्पेससूट और विमान में किसी तरह के खास बदलाव की जरूरत है तो इसका भी पता लगाया जाएगा। ईएसए के मानव एवं रोबोटिक अन्वेषण के निदेशक डेविड पार्कर ने कहा कि अभी काफी लंबा सफर तय करना है। हालांकि इस नई भर्ती को उन्होंने एक महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा बताया।

- पार्कर ने कहा कि शायद पहली बार पैरास्ट्रोनॉट शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन मैं इस शब्द पर अपने हक का कोई दावा नहीं करता। उन्होने कहा, हम कह रहे हैं कि जॉन मैकफॉल पहले पैरास्ट्रोनॉट हो सकते हैं।
- इस पहल को व्यवहार्य बनाए जाने संबंधी अध्ययन तीन साल तक चलेगा। एक पैरास्ट्रोनॉट (दिव्यांग अंतरिक्ष यात्री) के लिए बुनियादी बाधाओं का पता लगाया जाएगा, जिसमे शारीरिक अक्षमता मिशन प्रशिक्षण को कैसे प्रभावित कर सकती है और यदि स्पेससूट और विमान में किसी तरह के खास बदलाव की जरूरत है तो इसका भी पता लगाया जाएगा।

पार्कर ने कहा कि शायद पहली बार पैरास्ट्रोनॉट शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन मैं इस शब्द पर अपने हक का कोई दावा नहीं करता। उन्होंने कहा, हम कह रहे हैं कि जॉन मैकफॉल पहले पैरास्ट्रोनॉट हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि मिशन के सफल रहने पर भी मैकफॉल को अंतरिक्ष में जाने में अभी पांच साल तक का समय लग सकता है। पेरिस में एक संवाददाता सम्मेलन में पांच अंतरिक्ष यात्रियों के एक समूह की घोषणा की गई, जिसमें मैकफॉल शामिल हैं। सूची में दो महिलाओं फ्रांस की सोफी एडेनोट और ब्रिटेन की रोज़मेरी कूगन का नाम भी है। वहीं अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के प्रवक्ता डैन हूओट ने कहा कि ईसीए के पैरा-एस्ट्रोनॉट के चयन को नासा बड़ी दिलचस्पी से देख रहा है। उन्होंने कहा, हालांकि नासा की चयन प्रक्रिया अब भी वैसी ही है, लेकिन एजेंसी ईएसए जैसे भागीदारों से आने वाले नए अंतरिक्ष यात्रियों के साथ भविष्य में काम करने की उम्मीद कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नासा अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण मानती है और किसी भी तरह की चिकित्सकीय स्थिति खतरनाक साबित हो सकती है। हालांकि हूओट ने कहा कि भविष्य में सहायक तकनीक के जरिए ऐसे उम्मीदवारों की सुरक्षा पूरी तरह सुनिश्चित किए जाने से स्थिति बदल सकती है।

सीख

# किताब पढ़ने का सही तरीका

बच्चे किताब तो पढ़ते हैं लेकिन उनमें लिखे नए शब्द, वाक्य, अंक आदि याद नहीं रहते। कुछ ऐसे शूब्द जिनके अर्थ नहीं जानते उन्हें भी उस दौरान पढ़कर ध्यान नहीं रख पाते। किताब में मौजूद ज़रूरी सामग्रियों को टैगिंग की मदद से याद रख सकते हैं। यह तरीक़ा छात्रों के लिए काफ़ी मददगार साबित होता है।



**पन्ना न छूटे -** किस पन्ने तक किताब पढ़ चुके हैं या किस पेज से पढ़ना शुरू करना है, इसके लिए भी टैग का उपयोग कर सकते हैं। इससे उसकी याद बनी रहेगी। वहीं जो आवश्यक पन्ने हैं उनमें भी टैग लगा सकते हैं।

**काम आसान होगा -** मान लीजिए कि आपने किताब में कोई आंकड़ा पढ़ा है। जब कभी उस आंकड़े की ज़रूरत होगी तो आप दोबारा किताब खंगालने में समय बर्बाद करेंगे। अगर उसे टैग कर दें तो उसे हर बार ढूंढना आसान होगा।

**कई तरह से कर सकते हैं टैगिंग**

**मार्कर से हाइलाइट करें-** अगर किताब आपकी है तो उस पर ज़रूरी शब्दों या वाक्यों को मार्कर से हाईलाइट कर सकते हैं। मार्कर के अलग-अलग रंगों को कलर कोड की तरह उपयोग कर सकते हैं। मिसाल के तौर पर, हरा रंग ज़रूरी वाक्य के लिए या पीला रंग आंकड़ों के लिए।

**नोट कार्ड का उपयोग-** ये सबसे आसान तरीक़ा है टैगिंग का। एक छोटे-से कार्ड पर हर अध्याय से संबंधित जानकारी लिख सकते हैं। उस अध्याय को संक्षेप में लिख सकते हैं या ज़रूरी कोट्स भी लिखे जा सकते हैं। उससे संबंधित जानकारियां लिखने के लिए लंबा कार्ड उपयोग करें।

**चिह्न लगा सकते हैं-** अगर पन्नों पर रंगों का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो ज़रूरत के अनुसार चिह्न का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, पसंदीदा वाक्य के नीचे रेखा खींच सकते हैं, ज़रूरी अनुच्छेद (पैराग्राफ) पर सितारा, संदेह के लिए प्रश्नवाचक चिह्न का प्रयोग करें।

**कई रंग के स्टिकी नोट्स-** स्टिकी नोट्स के कई फ़ायदे हैं। इसे रंगों के आधार पर बांट सकते हैं, इस पर लिख सकते हैं और एक बार चिपकाने के बाद आसानी से निकाल सकते हैं। जितने चाहें, उतने नोट्स चिपकाए जा सकते हैं। अगर किताब लाइब्रेरी की है तब ये स्टिकी नोट्स आपके काम आएंगे।

पुस्तकें

# वंचित वर्ग के बच्चों के लिए पुस्तकों की व्यवस्था

वंचित वर्ग के सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए जयपुरिया एजुकेशन सोसाइटी ने ग्रेटर नोएडा में पुस्तक दान अभियान का आयोजन किया।




पुस्तक दान अभियान का आयोजन जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस, गाजियाबाद द्वारा किया गया जो दिल्ली एनसीआर का एक प्रमुख पीजीडीएम संस्थान है। इसमें बिमटेक विद्या केंद्र (बीवीके) मस्ती की पाठशाला के बच्चों को अलग-अलग विषयों की 6200 स्कूली किताबें प्रदान की गईं। बीवीके छोटे और बड़े बच्चों का अनौपचारिक स्कूल है। इसकी शुरुआत वर्ष 2019 में नोएडा मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के सहयोग से परी चौक मेट्रो स्टेशन, ग्रेटर नोएडा के तहत की गई। अभियान के बारे में जयपुरिया स्कूल ऑफ बिजनेस के महानिदेशक डॉ. राजीव आर ठाकुर ने कहा, सेठ आनंदराम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस हर साल उन बच्चों को किताबें दान करता है जो किताबें खरीदने का खर्च नहीं उठा सकते हैं, लेकिन जिन्हें सीखने की लालसा है। यह अभियान हमारे ग्रुप के सीएसआर के तहत शिक्षा का आधार मजबूत करने की नेक पहल है और एनईपी 2020 में सार्वभौमिक और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने की दूरदृष्टि के अनुकूल है। सेठ आनंदराम जयपुरिया एजुकेशन सोसाइटी ने दशकों से उच्च गुणवत्ता के साथ शिक्षा को बढ़ावा देने और इसका प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सोसायटी शिक्षा में वैश्विक अनुभव देने के साथ भारतीय लोकाचार का समावेश करने के दृढ़ विश्वास के साथ भारतीय शिक्षा परिदृश्य को नया आयाम दे रही है।

कहानी

# अपने घर व दोस्तों पर भरोसा जरूरी

एक घने जंगल में एक पेड़ के कोटर में एक उल्लू रहता था। वह कोई साधारण उल्लू नहीं था। उसमें एक बहुत बड़ी खासियत थी कि वह अन्य उल्लुओं की तुलना में बहुत ज़ोर से आवाज़ निकाल सकता था। यही कारण था कि सब उसे जंगल का रखवाला मानते थे। उसकी वजह से जंगल में सारे पशु-पक्षी बेफ़िक्र होकर रहते थे क्योंकि उल्लू रात को बहुत साफ़ देख सकता है और जब भी उसे शिकारियों का कोई झुंड जंगल के आसपास नज़र आता तो वह ज़ोर-ज़ोर से आवाजें निकालता था। इससे सारे जानवर सचेत हो जाते थे और शिकारियों को मुंह लटकाकर वापस लौटना पड़ता था। उल्लू जिस पेड़ के कोटर में रहता था, वह बहुत विशाल बरगद का पेड़ था। उस पेड़ पर बहुत से पक्षी रहते थे। उस पेड़ की छाया में बहुत से जानवर अठखेलियां करते थे, इससे उल्लू का भी मन लगा रहता था। इसी तरह बड़ी शांति से सबकी ज़िंदगी चल रही थी। एक बार पास के जंगल से उल्लू का ख़ास दोस्त चमकू चमगादड़ आया। उल्लू ने उसका बहुत ज़ोर-शोर से स्वागत किया। रात को जब सारे पशु-पक्षी आराम से सो रहे थे तब उल्लू और चमगादड़ आपस में बतिया रहे थे। चमकू ने उल्लू से कहा- 'तुम तो रहे उल्लू के उल्लू ही...' उल्लू ने पूछा- 'ऐसा क्यों कहा दोस्त?' चमकू ने जवाब दिया- 'और क्या कहूं...आसपास के सारे जंगलों में तुम्हारी बेवकूफी के चर्चे होते हैं। तुम यहां मुफ्त के चौकीदार बने बैठे हो। अगर हमारे जंगल में होते तो तुम्हें महामंत्री बना दिया जाता।' चमकू की बात सुनकर उल्लू बोला- 'ऐसा ना कहो मित्र! यहां पर सब जानवर मुझे बहुत प्यार करते हैं।' यह सुनकर चमकू ने ठहाका लगाते हुए कहा- 'यहां पर और भी उल्लू हैं...तुम ही क्यों चौकीदार हो...सब तुम्हारे सीधेपन का फ़ायदा उठाते हैं। सही कहते हैं सब लोग...उल्लू तो उल्लू ही होता है।' उल्लू को अपने दोस्त की यह बात बहुत अखरी पर वह चुप ही रहा। चमगादड़ ने उसे समझाते हुए कहा- 'रात को तो हम भी जागते हैं पर इस तरह से चौकीदारी नहीं करते।' चमकू की बात सुनकर उल्लू उदास हो गया था। उसने सोच लिया था कि अब वह बिल्कुल चुप रहेगा। आख़िर जानवरों को उसकी अहमियत का एहसास तो हो। उल्लू ने देखा कि कुछ लकड़हारे बड़ी-बड़ी कुल्हाड़ियां लेकर जंगल में प्रवेश कर रहे थे। उल्लू तुरंत समझ गया कि वे जंगल के हरे-भरे पेड़ काटकर ले जाएंगे। अब उल्लू ज़ोर से चिल्लाने ही वाला था कि उसे चमकू की बात याद आ गई और वह चुप ही रहा। तभी उल्लू ने देखा कि लकड़हारे कुल्हाड़ी लेकर उसी पेड़ की ओर बढ़ रहे थे जिस पर वह बैठा था। उल्लू सोचने लगा- 'मैं इस पेड़ से उड़ जाता हूं, दूसरे पेड़ के कोटर में रह लूंगा।' यह सोचकर उल्लू वहां से उड़ने ही वाला था कि उसे बरगद की आवाज़ सुनाई दी- 'उल्लू भाई! तुमने इस जंगल को हमेशा बचाया है, मुझे भी बचा लो। तुम दिल के सच्चे हो इसलिए मेरी आवाज़ सुन सकते हो। मुझे अपने जाने की परवाह नहीं लेकिन इस पेड़ पर रहने वाले सब पक्षी बेघर हो जाएंगे।' कहकर पेड़ ज़ोर-ज़ोर से रोने लगा। अब उल्लू से रहा नहीं गया। वह सोचने लगा- 'आख़िर यह मेरा घर है... मैं इसे छोड़ कर कैसे जा सकता हूं? मुझे अपने ही नहीं सबके घर को बचाना चाहिए।' अब उल्लू अपनी चिरपरिचित आवाज़ में ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाने लगा। जंगल के सब जानवर जाग गए। सियार, भालू, शेर, लोमड़ी सब ऊंचे स्वर में चिल्लाने लगे। इतने जानवरों की आवाज़ें सुनकर लकड़हारे बुरी तरह घबरा गए। तभी उन्हें जंगली कुत्तों का एक झुंड अपनी तरफ़ दौड़ता हुआ दिखाई दिया। लकड़हारे सिर पर पांव रखकर भागे। पेड़ ने उल्लू को बहुत धन्यवाद दिया और कहा-'तुम सही मायने में जंगल के रक्षक हो... धन्यवाद दोस्त...।' सभी जानवरों ने उल्लू की प्रशंसा की। उल्लू को अपनी घटिया सोच पर बहुत पछतावा हुआ। कैसे वो किसी के कहने में आकर अपना घर, अपना जंगल ही उजाड़ने चला था। उसने भावुक होते हुए अपने घर, अपने बरगद के पेड़ की शाखाओं को देखा तो ऐसा लगा जैसे शाखाएं झूलकर उसे शुक्रिया कह रही हैं, दुलार लुटा रही हैं। यह देख उल्लू खुशी से झूम उठा।



## दिमाग लगाओ

Can you solve this?

$$\left(\frac{5 + 5 \times 5 \div 5 - 5}{5}\right)^5$$

a) 0  b) 1  c) 5

Like if you think you got it right!

## रंग भरो



## शब्द बनाओ


| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| N | Y | S | T | D | F | U | L | O | H | M | E |
| F | P | C | E | M | X | T | Q | E | U | P | S |
| W | A | L | S | H | I | B | R | V | A | G | W |
| O | G | S | T | U | D | Y | L | T | K | R | A |
| R | Z | D | K | N | J | O | W | D | P | T | N |
| K | O | C | R | E | K | S | G | L | U | E | R |
| T | S | F | Y | P | D | O | R | B | Q | A | D |
| E | U | V | A | N | G | E | U | Z | M | C | E |
| J | D | E | Q | K | W | C | S | E | A | H | Y |
| X | M | O | H | S | I | J | V | K | T | O | L |
| L | I | R | N | L | Z | A | G | B | F | X | C |
| B | S | A | T | E | N | P | I | W | E | J | H |



STUDY  TEST
LEARN  ANSWER
TEACH  DESK
WORK  TAPE
DONE  GLUE



## रास्ता ढूंढो





# 2024 में ग्रैंड वर्ल्ड टूर करेंगी नोरा फतेही



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही 2024 की शुरुआत में एक ग्रैंड वर्ल्ड टूर पर निकलेंगी। इस दौरान वह न केवल अपने बॉलीवुड सोलो पर परफॉर्म करेंगी, बल्कि एक नए इंटरनेशनल ट्रैक का भी अनावरण करेंगी। इस टूर में उनके वोकल टैलेंट का भी परफॉर्मेंस होगा, साथ ही कुछ और बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेंगे। जैसे-जैसे उनके वर्ल्ड टूर के चलते उनके प्रोफेशनल लाइफ में एक नया मोड़ आ रहा है, नोरा फतेही भी अपकमिंग फिल्मों की सूची में अभिनय करने के लिए तैयार हो रही हैं। वह वरुण तेज की फिल्म मटका से तेलुगु में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में, नोरा अपनी एक्टिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हाई-ऑक्टेन थ्रिलर क्रैक में विद्युत जामवाल के साथ स्क्रीन पर नजर आने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, वह अभिषेक बच्चन के साथ रेमो डिसूजा की बी हैप्पी में दर्शकों को खुश करने के लिए भी तैयार हैं, और कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस के कलाकारों के साथ जुड़कर अपनी फिल्मोग्राफी में विविधता लाएंगी, जहां वह एक हास्य भूमिका निभाएंगी।



# एक बार फिर साथ आए आर माधवन-कंगना रणौत


बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रणौत अक्सर सुर्खियों में छाई रहती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म तेजस रिलीज हुई थी, जिसकी स्क्रीनिंग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए भी की गई थी। वहीं, अब अभिनेत्री से जुड़ी नई खबर सामने आ रही है। कंगना एक बार फिर अभिनेता आर माधवन के साथ काम करने वाली हैं। कंगना एक आगामी अखिल भारतीय मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म के लिए आर माधवन के साथ फिर से जुड़ने के लिए तैयार हैं। इसकी जानकारी खुद अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री की नई फिल्म का निर्माण आज चेन्नई में शुरू हुआ। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कंगना ने एक तस्वीर साझा की और लिखा, आज चेन्नई में हमने अपनी नई फिल्म एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर की शूटिंग शुरू की। अन्य विवरण जल्द ही आ रहे हैं। फिलहाल इस बेहद असामान्य और रोमांचक स्क्रिप्ट के लिए आपके सभी समर्थन और आशीर्वाद की जरूरत है। फिल्म का निर्देशन विजय करेंगे। इससे पहले वह कंगना रणौत की फिल्म थलाइवी का निदेशन कर चुके हैं। वहीं, आर माधवन और कंगना ने इससे पहले तनु वेड्स मनु और तनु वेड्स मनु रिटर्न्स में साथ काम किया था। एक बार फिर विजय के साथ काम करने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कंगना ने कहा, प्रिय विजय सर, थलाइवी के अविश्वसनीय अनुभव के बाद फिर से आपकी महिमा का आनंद लेते हुए खुश हूं। मुझे आपकी टीम में शामिल होना और आपके आदेश लेना पसंद है। धन्यवाद सर।

फिल्म के लिए संगीत प्रतिभाशाली जीवी प्रकाश कुमार द्वारा तैयार किया गया है। कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी सिनेमैटोग्राफी के लिए प्रसिद्ध नीरव शाह, फोटोग्राफी के निदेशक (डीओपी) के रूप में कार्य करेंगे। बहुप्रतीक्षित मनोवैज्ञानिक थ्रिलर हिंदी और तमिल, द्विभाषी रिलीज में दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है। प्रोडक्शन टीम इस सहयोग को लेकर उत्साहित है और उसे विश्वास है कि शानदार प्रतिभा का यह संयोजन एक ऐसी फिल्म पेश करेगा, जो दुनिया भर के दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। वहीं बात करें अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों के अरे में तो कंगना आगामी पीरियड ड्रामा फिल्म इमरजेंसी में भी नजर आएंगी, जो उनकी पहली एकल निर्देशित फिल्म भी है। फिल्म में वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। वहीं दूसरी ओर, आर माधवन भी विकास बहल द्वारा निर्देशित एक थ्रिलर में अजय देवगन के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करते दिखाई देंगे।

# दुल्हनिया 3 में फिर साथ नजर आएंगे आलिया -वरुण धवन?

फिल्मकार करण जौहर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे सफल निर्देशकों में से एक हैं। फैंस को उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार रहता है। अपने करियर में वह अब तक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में बना चुके हैं। इन दिनों करण जौहर अपने चैट शो कॉफी विद करण 8 को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। इस चैट शो में करण अपनी निजी जिंदगी से लेकर प्रोफेशनल लाइफ के कई दिलचस्प किस्सों का खुलासा करते हैं। इस दौरान करण ने अपने अगले प्रोजेक्ट दुल्हनिया 3 को लेकर भी कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। तो चलिए जानते हैं कि निर्माता ने क्या कहा है। करण जौहर को अक्सर अपने इंस्टाग्राम सेशन के लिए जाना जाता है। इस लाइव सेशन के दौरान निर्माता अपने फैंस संग अपने आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर चर्चा करते रहते हैं। लाइव सेशन के दौरान उनके एक फैन ने उनसे पूछा, क्या आप दुल्हनिया बना रहे हैं? हम आलिया और वरुण को एक साथ फिल्म में चाहते हैं। फैन के इस सवाल का जवाब देते हुए करण ने कहा, दुल्हनिया एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है। यह हमारी प्रीमियर फ्रेंचाइजी में से एक है। यह प्यार और भावनाओं से भरपूर है। दो प्यार करने वाले कपल की भावनाओं के साथ हास्य का मिश्रण भी दर्शकों का मनोरंजन करेगा। हमें उम्मीद है कि शायद हम दुल्हनिया को एक दिलचस्प कहानी में वापस लाएंगे।

बता दें कि इससे पहले वरुण ने दुल्हनिया 3 का हिस्सा बनने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की थी और कहा था कि वह और उनकी टीम फिल्म करने के लिए उत्सुक हैं, हालांकि, उन्होंने कहा कि वे कुछ ऐसी चीज का इंतजार कर रहे हैं जो बहुत अच्छी होगी और बनी रहेगी। करण और वरुण को इस बयान के बाद कयासों का बाजार गर्म होता दिख रहा है क्योंकि फैन की इस गुजारिश पर करण ने इंकार नहीं किया था। बता दें कि दुल्हनिया सीरीज का पहला भाग 2014 की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया थी, जिसमें आलिया भट्ट और वरुण धवन मुख्य भूमिका में थे। दुल्हनिया सीरीज का दूसरा भाग 2017 में आई बद्रीनाथ की दुल्हनिया थी। इस फिल्म में आलिया और वरुण ने भी अभिनय किया था। अब फैंस इसके तीसरे भाग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।



# अब भोजपुरी सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाएंगे आर्य बब्बर

हिंदी, पंजाबी और बंगाली फिल्मों में काम कर चुके अभिनेता- राजनेता राज बब्बर के बेटे आर्य बब्बर अब भोजपुरी सिनेमा में अपनी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। अभिनेता आर्य बब्बर इन दिनों उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में भोजपुरी फिल्म राजाराम की शूटिंग कर रहे हैं। इस फिल्म में आर्य बब्बर विलेन की भूमिका में निभा रहे हैं। भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका निभा रहे आर्य बब्बर कहते हैं, मुझे क्षेत्रीय सिनेमा में काम करने से कभी भी परहेज नहीं रहा। जहां भी मुझे अच्छे मौके मिले, मैंने काम किया चाहे पंजाबी फिल्में हो या फिर बंगाली फिल्में। जब मुझे निर्देशक पराग पाटिल ने भोजपुरी फिल्म राजाराम ऑफर की तो मुझे मेरा किरदार काफी चैलेंजिंग लगा। अब भोजपुरी फिल्में भी बड़ी भव्य स्तर पर बन रही। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान काम करके बहुत ही आनंदित हूं। अभिनेता आर्य बब्बर कहते हैं, इस फिल्म में मेरी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण है। मेरी पूरी कोशिश है कि इस किरदार को जीवंत करने में अपना सौ फीसदी दूं। मुझे उम्मीद है कि जब यह फिल्म रिलीज होगी तो दर्शक मेरे किरदार को जरूर पसंद करेंगे। फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ काम करने बहुत ही अच्छा अनुभव रहा है, वह भोजपुरी में डायलॉग बोलने में मेरी बहुत मदद करते हैं। अभिनेता आर्य बब्बर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2002 में रिलीज फिल्म अब के बरस से हीरो के रूप में की। राज कंवर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आर्य बब्बर के साथ अमृता राव की लीड भूमिका थी। इस फिल्म के बाद आर्य बब्बर ने मुद्दा -द इश्यू, थोड़ा तुम बदलो थोड़ा हम जैसी फिल्मों में बतौर हीरो नजर आए, लेकिन जब हीरो के रूप में वह सफल नहीं हुए तो मणि रत्नम की फिल्म गुरु से फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं करने लगे।



# मलायका अरोड़ा मेरी पहली संतान हैं



फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें अपनी पहली संतान बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले मलायका अरोड़ा को खोजा और फिर दीपिका पादुकोण को। छैया छैया गाने के लिए चलती ट्रेन में शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में झलक दिखला जा की जज मलाइका ने कहा, मुझे याद है कि चलती ट्रेन पर डांस करना कितना चुनौतीपूर्ण था। हम सभी डरे हुए थे। आपने यहां इस मूविंग प्लेटफॉर्म पर जो प्रयास किया, वह आपके लिए भी कठिन रहा होगा। यह एक बहुत अच्छा एलिमेंट है, जिसे आप लेकर आये। ये किस्से सेलिब्रिटी डांस शो झलक दिखला जा में साझा किए गए, जहां कंटेस्टेंट्स आने वाले एपिसोड में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। कुश्ती के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए मशहूर संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ बॉलीवुड ट्रैक छैया छैया में अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। फराह खान, जिन्होंने मूल रूप से गाने की कोरियोग्राफी की थी, ने खुलासा किया कि उन्होंने मलायका को कैसे ढूंढा। उन्होंने कहा, हर कोई कहता है कि मैंने दीपिका को खोजा, लेकिन मैंने पहले मलायका को खोजा। वह मेरी पहली संतान है। गाने की शूटिंग से दो दिन पहले मैंने मलायका को यह गाना करने के लिए बुलाया। उनसे पहले हमने छह-सात हीरोइनों को अप्रोच किया था, लेकिन बात नहीं बनी। हम इस बात को लेकर असमंजस में थे कि इस गाने के लिए किसे चुनें। तभी मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने मुझे बताया कि मलायका एक बहुत अच्छी डांसर हैं। वह मॉडल हैं। मुझे चिंता थी कि वह घाघरा-चोली में इंडियन डांस कैसे करेंगी। इसलिए, मैंने उन्हें दो दिन पहले ऊटी बुलाया, और हमने रात में रिहर्सल की, और हमने दिन के दौरान शूटिंग की। डांस नंबर के लिए ट्रेन पर चढ़ते वक्त मलाइका कांप रही थीं। हमने उन्हें ट्रेन पर चढ़ाया। वह कांप रही थी, सचमुच, कोई सेफ्टी नहीं थी, कुछ भी नहीं। उन्होंने कोई मेकअप नहीं किया था, केवल काजल और एक टैटू था जो गीता ने उनकी बाहों पर बनाया था। और हां, शाहरुख उनके साथ वहां थे। फराह ने बताया कि शाहरुख खान, मलायका का बहुत ख्याल रखते थे। शाहरुख उनका बहुत ख्याल रखते थे। हर कोई हमसे सुरक्षा सावधानियों के बारे में पूछता था, और मैंने जो एकमात्र सावधानी बरती वह अतिरिक्त डांसर्स को ले जाना था। यह शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

# मौनी रॉय ने स्टारडम की अपनी यात्रा के हर कदम को सीखने का अनुभव बताया

अभिनेत्री मौनी रॉय ने मनोरंजन की दुनिया में काफी पहचान बनाई है। सुल्तान ऑफ दिल्ली में अपने प्रदर्शन के लिए प्रशंसा पाने वाली अभिनेत्री ने स्टार बनने की अपनी यात्रा के बारे में खुलकर बात की। अपनी यात्रा पर विचार करते हुए, ब्रह्मास्त्र अभिनेत्री ने कहा, इस यात्रा का हर कदम एक सीखने का अनुभव रहा है, जो प्यार और समर्थन से भरा है। मैं स्नेह से अभिभूत हूं और गहराई से आभारी हूं। नयनतारा गंगोपाध्याय की भूमिका निभाते हुए, अभिनेत्री को क्राइम-थ्रिलर श्रृंखला में उनके प्रदर्शन के लिए बहुत प्रशंसा मिली है, बावजूद इसके कि शो को बहुत अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली थी। पर्दे पर मौनी रॉय अगली बार द वर्जिन ट्री में नजर आएंगी। इसके अलावा, वह बंगाली भाषा के रियलिटी शो डांस बांग्ला डांस 12 में नजर आएंगी। फिलहाल वह रियलिटी-टीवी शो टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया की होस्ट भी हैं।





# एंकर से ऐसे अभिनेत्री बनीं नयनतारा, बॉलीवुड में भी चमकाई किस्मत

साउथ इंडस्ट्री में लेडी सुपरस्टार के नाम से मशहूर नयनतारा आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अभिनेत्री ने साउथ ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी अपने दमदार अभिनय से खास पहचान बनाई हैं। अभिनेत्री नयनतारा ने हाल ही में शाहरुख खान की फिल्म जवान से बॉलीवुड डेब्यू किया। नयनतारा अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म से ही सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं। साउथ की लेडी सुपरस्टार का असली नाम नयनतारा नहीं डायना मरियम कुरियन हैं। कर्नाटक में जन्मीं नयनतारा मलयाली परिवार से ताल्लुक रखती हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर की शुरुआत बतौर मॉडल और एंकर की। नयनतारा ने साल 2003 में मलयालम फिल्म मनासिनक्कारे से इंडस्ट्री में कदम रखा। इसके बाद अभिनेत्री ने साउथ इंडस्ट्री में एक से बढ़कर एक ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया। नयनतारा ने तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में 80 से ज्यादा फिल्में की हैं। अभिनेत्री के करियर की ज्यादातर फिल्में सफल रही हैं। नयनतारा अनामिका, माया, ऐरा और नेत्रिकन के अलावा साउथ सिनेमा की गजनी, बिल्ला, यारादी नी मोहिनी, बॉडीगार्ड, कृष्णम वंदे जगद्गुरुम, थानी ओरुवन जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में कर चुकी हैं। इतना ही नहीं, नयनतारा भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं। वहीं बात करें अभिनेत्री की निजी जिंदगी के बारे में तो नयनतारा और फिल्म निर्माता विग्नेश शिवन ने काफी समय तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी रचाई थी। कपल ने 9 जून 2022 को चेन्नई में ग्रैंड वेडिंग की थी। शादी के चार साल बाद नयनतारा और विग्नेश शिवन सेरोगेसी के जरिए दो जुड़वा बच्चों के माता-पिता बने। फिल्म जवान से बॉलीवुड में कदम रखने वाली नयनतारा को इंडस्ट्री में एक अलग पहचान मिली। शाहरुख खान की फिल्म ने भारत में 643.87 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। जवान की सफलता ने लेडी सुपरस्टार के करियर को आसमान पर पहुंचा दिया है। वहीं, चर्चा है कि जवान के बाद नयनतारा संजय लीला भंसाली की फिल्म बैजू बावरा में नजर आ सकती हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें इस फिल्म की पेशकश की गई है। फिल्म में वह रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के साथ अहम किरदार अदा करती दिखेंगी। हालांकि, फिलहाल आधिकारिक रूप से इसे लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

# ग्रेटर नोएडा में सफाई का मोर्चा संभालेगी क्विक रेसपोंस टीम

## कॉन्ट्रैक्टर के अधीन 300 सफाई कर्मियों की होगी क्यूआरटी

ग्रेटर नोएडा। सफाई कर्मियों की हड़ताल से सीख लेते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने क्विक रेसपोंस टीम ( क्यूआरटी ) बनाने का फैसला किया है। हड़ताल या किसी अन्य विपरीत परिस्थितियों में यह टीम साफ-सफाई व्यवस्था को संभालेगी और खाली समय में उन जगहों की सफाई करेगी, जो वर्तमान समय में अछूते रह गए हैं। इसके साथ ही प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा के प्रमुख बाजारों व सार्वजनिक जगहों पर रात में भी सफाई (नाइट स्वीपिंग) कराने का निर्णय लिया है।




कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन सफाईकर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से ग्रेटर नोएडा की सफाई व्यवस्था पर असर पड़ा है। कई दौर की वार्ता और अधिकांश मांगें मानने के बावजूद सफाईकर्मी हड़ताल की जिद पर अड़े हैं। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर कॉन्ट्रैक्टरों ने अस्थाई सफाई कर्मियों की तैनाती कर सफाई व्यवस्था को संभाल लिया है, फिर भी भविष्य में इस तरह की परिस्थिति सामने आने पर सफाई व्यवस्था पर असर न पड़े, इसके लिए सीईओ ने क्विक रेसपोंस टीम का गठन करने का निर्णय लिया है। इस टीम में कॉन्ट्रैक्टरों के अधीन 300 सफाईकर्मी होंगे। ये स्वास्थ्य निरीक्षकों की निगरानी में सफाई व्यवस्था की कमान संभालेंगे। खाली समय में ये स फाईकर्मी उन जगहों की सफाई करेंगे जो किसी कारणवश मौजूदा मैनुअल स्वीपिंग व्यवस्था से अछूते रह गए हैं। प्राधिकरण ने एक और अहम फैसला लिया है, अब ग्रेटर नोएडा के बाजारों व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों की रात में भी सफाई कराई जाएगी, जहां पर पब्लिक का आवागमन अधिक होता है। खासकर जगत फार्म, रामपुर मार्केट, तुगलपुर जैसे जगहों को इनमें शामिल किया गया है। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में ऐसे कई जगह हैं जहां पर कूड़े का ढेर लगा रहता है। ये सड़क से आते-जाते दिखते हैं। प्राधिकरण इन जगहों की सफाई कराकर सौंदर्यीकरण कराना चाह रहा है। इनको घूम-टहल के हिसाब से विकसित करना चाह रहा है। यहां बेंच लग जाएंगी। लोए यहां बैठकर गपशप कर सकेंगे। सीईओ ने इन निर्देशों पर शीघ्र अमल करने के निर्देश दिए हैं।

# शादी डॉट कॉम में फंसाकर युवक को लगाया लाखों का चूना

**नोएडा (चेतना मंच)।** सोशल साइट और मेट्रोमोनियल साइट पर बनने वाले रिश्तों में क्या हकीकत होती है, वह आपको इस खबर को पढ़ने के बाद अच्छी तरह से पता चल जाएगा। यूपी के नोएडा के एक युवक का दूर बैठी एक युवती ने एक ही झटके में तोड़ दिया।

दरअसल, नोएडा के सेक्टर-168 स्थित लोटस जिंग सोसाइटी निवासी आकाश गर्ग ने नोएडा के साइबर क्राइम थाने में एक युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। आकाश गर्ग ने बताया कि मेट्रोमोनियल साइट शादी डॉट कॉम पर उसकी मुलाकात आरोशी रॉय नामक युवती से हुई थी।

युवती ने खुद को दिल्ली की रहने वाला बताया था। दोनों के बीच बातचीत का दौर शुरू हुआ तो दोनों एक-दूसरे को पसंद करने लगे। युवती ने आकाश के समक्ष शादी का प्रस्ताव रखने की बात कही। दोनों में शादी, कैरियर, भविष्य और काम को लेकर भी बात हुई। दोनों तरफ से तस्वीरों और वीडियो का आदान-प्रदान हुआ। कथित युवती ने शिकायतकर्ता का भरोसा जीत लिया। इसके बाद साजिश के तहत युवती ने कारोबार में निवेश करने को कहा।

पुलिस शिकायत में पीड़ित युवक ने बताया कि युवती ने उसे बताया था कि उसने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से यूएसडीटी खरीदा है। उसने आकाश को भी ऐसा करने को कहा। झांसे में आने के बाद शिकायतकर्ता ने ऐसा कर दिया। इसके बाद युवती ने आकाश से ऑनलाइन कारोबार में 10 से 20 हजार रुपये निवेश करने को कहा। ऐसा करने के कुछ समय बाद युवक को मुनाफे सहित पैसे वापस मिल गए। दोबारा मुनाफे की बात कहकर युवती ने शिकायतकर्ता से 17 लाख रुपये निवेश करा लिए। इसके बाद से युवती से संपर्क नहीं हुआ। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# लोनी की धरा पर गूंजेगा मानवता का दिव्य संदेश

## 26 नवंबर को होगा संत समागम



**लोनी ( चेतना मंच )।** प्रेम, शांति और एकत्व के शुभ भाव को आध्यात्मिक जागृति के द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रसारित करने के लिए प्रतिबद्ध संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में एक विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन गाजियाबाद के लोनी आयोजित किया जाएगा।

गाजियाबाद के लोनी स्थित डीपीएस स्कूल ग्राउंड में आगामी 26 नवंबर 2023 को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित इस दिव्य संत समागम में निरंकारी मिशन की सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता आयेंगे।

सत्संग कार्यक्रम की जानकारी देते हुए स्थानीय संयोजक उदयराज सिंह ने बताया कि लोनी में पहली बार यह समागम भव्य रूप में आयोजित होने जा रहा है। संत समागम की खबर से स्थानीय श्रद्धालु भक्तों में खुशी की लहर और उत्साह बना हुआ है। अपने सतगुरु के दिव्य दर्शनों के लिए सभी बेसब्री से प्रतीक्षारत हैं। साथ ही समागम की समुचित और भव्य तैयारियों में लगे हुए हैं ताकि समागम को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न किया जा सके।

आपको बता दें कि यह दिव्य संत समागम आध्यात्मिक ज्ञान के साथ 'सुकून', 'एकता में अनेकता' और 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को दृढ़ता प्रदान करते हुए समाज के समक्ष एक अदभूत उदाहरण प्रस्तुत करता है।

# नोएडा में दिनभर आग बुझाने में लगी रही फायर ब्रिगेड की टीम

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फायर ब्रिगेड की टीम दिनभर नोएडा शहर में लगातार आग लगने सूचना पर आग पर काबू पाने में जुटी रही। इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने एक स्कूटी, ऑल्टो, आई-10 कार और बैंक्वेट हॉल में लगी आग पर भारी मशक्कत के बाद काबू पाया। इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आग लगने से लोगों को काफी नुकसान हुआ है।

नोएडा के लोटस ग्रैंडर बैंक्वेट हाल में मंगलवार की देर शाम उस समय आग लग गई, मजदूर जब वेल्डिंग का कुछ काम कर रहे थे। इसी दौरान चिंगारी भड़कने से आग लग गई और आग तेजी से फैलती चली गई। जब आग लगी उस समय अंदर काम कर रहे करीब दस लोग घटना के तुरंत बाद बाहर निकल आए। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया।

नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र में बाबा बालक नाथ मंदिर, सेक्टर-71 के पास ऑल्टो की एसी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाडी ने आग को बुझाया। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में स्थित सेक्टर 145 के पास दिल्ली से दनकौर जा रही गाड़ी आई-10 कार को शाहनवाज चला रहा था, कार में अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई।

आग लगने की तीसरी घटना नोएडा के थाना फेस-3 क्षेत्र में हुई। गाजियाबाद से सोरखा जा रहे इमरान की स्कूटी में आग लग गई जिसे मौके पर मौजूद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों, स्थानीय पुलिस बल व आस-पास के लोगों द्वारा बुझा दिया गया। कोई जनहानि नहीं हुई है। चौथी घटना नोएडा के सेक्टर-113 में मंगलवार दोपहर तीन बजे के करीब कूड़े के ढेर में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दी। फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी की मदद से दस मिनट में आग को बुझा दिया गया। कूड़े के ढेर के पास ही कई झुग्गियां भी थीं। गनीमत रही आग फैल कर झुग्गियों तक नहीं पहुंची। उसके पहले ही आग पर काबू पा लिया गया।

# 25 लाख घरों में दस्तक देंगे 'आप' कार्यकर्ता : भूपेन्द्र जादौन

नोएडा। आम आदमी पार्टी ने उत्तर प्रदेश के हर जनपद में घर-घर दस्तक देकर पर्चे बांटे। इन पर्चों में संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताने का प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी प्रदेश के सभी जिलों में अभियान चलाकर प्रथम चरण में 25 लाख घरों में दस्तक देगी। अभियान के तहत कार्यकता हर घर पहुंच कर अपने सांसद व उप्र प्रभारी संजय सिंह की ईडी द्वारा की गयी अवैध गिरफ्तारी का काला सच उजागर कर रहे हैं।

नोएडा के होशियारपुर गांव में चले अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं ने घर-घर दस्तक दी। घर में मौजूद लोगों को दो पेज का दस्तावेज देकर बताया गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर संजय सिंह की गिरफ्तारी की गयी है। पर्चा बांट रहे कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाने के लिए




जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में टुकड़ियां बनायी गयी हैं। जो अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर दस्तक दे रही हैं।

इस मौके पर गौतमबुद्ध नगर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह जादौन ने बताया कि संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो उन्हें संसद से निलंबित किया गया। जब उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो उन्हें ईडी का डर दिखाया गया। लेकिन संजय सिंह तब और हमलावर हो गये और उन्होने प्रधानमंत्री और अडानी के भ्रष्टाचार का सच उजागर करना शुरू कर दिया। कहा गया कि संजय सिंह ने जब केंद्र सरकार और उप्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना शुरू किया तो संजय सिंह को जेल भेजने की साजिश रची गयी।

भूपेन्द्र जादौन ने कहा कि आज हम सबने पर्चों को बांट कर देश को जागरूक करने का काम किया है। ताकि देश की जनता को सच पता चल सके। इस मौके पर उनके साथ जिला महासचिव राकेश अवाना जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव सचिव यादव, अभिषेक यादव डॉ आलम आकाश यादव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेक्टर-82 में सफाई व्यवस्था का अधिकारियों ने लिया जायजा



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग खंड-2 के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा अपनी टीम के साथ सेक्टर-82 पहुंचे तथा सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।

इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक आर.के. शर्मा के साथ स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षक राकेश भाटी तथा सुपरवाइजर सोमवीर भी मौजूद थे। अधिकारियों ने सेक्टर-82 की पॉकेट-7 में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सेक्टर के गेट के बाहर टाइल्स लगाकर ग्रीन बेल्ट का निर्माण कराया जा रहा है।

सेक्टर आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की सराहना की तथा उनका धन्यवाद दिया। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक आरके शर्मा ने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य विभाग सभी कार्य तेजी से कर रहा है। यदि किसी सेक्टर से कोई शिकायत आ रही है तो स्वास्थ्य विभाग उसको तुरंत ठीक करवाता है। यह प्रयास पूरे नोएडा में किया जा रहे हैं।

# कालीबाड़ी में जगाधत्री पूजा की धूम



**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-26 स्थित कालीबाड़ी में धूमधाम से जगाधत्री पूजा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में पुजारी द्वारा रोज शाम को विधि विधान से आरती की जा रही है जिसमें सेक्टर-26 के अलावा आसपास के सैकड़ों लोग पूजा देखने आ रहे हैं।

कालीबाड़ी में दुर्गा पूजा के बाद काली पूजा इसके बाद लक्ष्मी पूजा तथा अब जगाधत्री पूजा का आयोजन किया जा रहा है। सेक्टर-26 में हो रहे इस विशेष आयोजन में श्रद्धालु भक्ति भाव से बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।






# कंक्रीट के जंगल नोएडा के पॉश सेक्टर की कोठियों में घुस रहे हैं सांप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-117 में एक जहरीले सांप के द्वारा 3 साल की मासूम बच्ची को डसने के बाद



बच्ची की मौत से पूरा नोएडा शहर को सदमे में डाल दिया है। लेकिन यह सच है कि कंक्रीट का जंगल बन चुके नोएडा शहर में बनी आलीशान कोठियों में आज भी जहरीले सांप व विषैले जंतु घुस जाते हैं। नोएडा के एक पॉश सेक्टर में रहने वाले लोग भी आज कल इसी डर में रहे हैं।

### खाली प्लॉटों में उगी झाड़ियों में बसेरा

कंक्रीट का जंगल बन चुके नोएडा शहर में कई ऐसे आवासीय सेक्टर हैं जहां बड़ी संख्या में खाली और बंद कंप्लीशन वाले मकान है।। इन खाली प्लॉटों में ऊंची-ऊंची झाड़ियां उगी हुई हैं। इन्हीं झाड़ियों में जहरीले सांपों व विषैले जन्तुओं ने अपना बसेरा बनाया हुआ है। इन्हीं झाड़ियों में से निकल कर जहरीले सांप सेक्टरों में बनी कोठियों में घुस जाते हैं जो बेहद खतरनाक हैं।

### सेक्टर-51 के निवासियों में डर

नोएडा के पॉश सेक्टर-51 में रहने वाले जहरीले सांप व विषैले जंतुओं के डर के साये में हैं। सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए के महासचिव संजीव कुमार ने बताया कि सेक्टर के ई-22 प्लॉट में घर के आंगन में करैत सांप देखा गया जो काफी जहरीला सांप माना जाता है। ये मध्यम आकार के अत्याधिक विषैले सांप होते हैं जिनकी लंबाई आमतौर पर 2 मीटर से अधिक नहीं होती।

महासचिव ने बताया कि पहले भी सेक्टर में विषैले सांप निकले हैं। इसका मुख्य कारण सेक्टर के खाली प्लॉटों में उगी झाड़ियां और बंद कंप्लीशन वाले मकान हैं जहां झाड़ियां उग आई हैं। इन्हीं झाड़ियों में विषैले सांपों ने अपना ठिकाना बना रखा है।

### प्राधिकरण के सीईओ को लिखा पत्र

**नोएडा के सेक्टर-51 आरडब्ल्यूए महासचिव संजीव कुमार ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम को पत्र लिखकर खाली प्लॉटों पर उगी झाड़ियों को अभियान चलाकर साफ करने के लिए एक पत्र लिखा है। पत्र में झाड़ियों की सफाई और सेक्टर में फैली गंदगी को साफ करने की मांग की गयी है। महासचिव ने पत्र में कहा है कि सेक्टर-177 में विषैले सांप के डसने से 3 साल की बच्ची की मौत के बाद सेक्टर-51 के लोग भी डरे हुए हैं और हर वक्त उन्हें किसी अप्रिय घटना का डर सताता रहता है।**